* ओड़िशा संस्करण
9 YEARS
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची 24 जून, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 244, आषाढ़, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00










## शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा का दावा

# विस चुनाव में अबकी बनेगी भाजपा सरकार

- भ्रष्टाचार में अव्वल है झारखंड की सरकार
- बेरोजगारों को न नौकरी दी और न ही बेरोजगारी भत्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि झारखंड में इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी। झारखंड सरकार करप्शन के मामले में देश में अव्वल है। भाजपा ही इससे निजात दिलायेगी। झारखंड प्रदेश के विधानसभा चुनाव प्रभारी बनाये गये शिवराज और सह प्रभारी हिमंता पहली बार झारखंड पहुंचे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को पार्टी सांसदों, विधायकों, मोर्चा अध्यक्ष और अन्य के साथ मैराथन बैठक की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा चुनाव में आठ सीटों पर भाजपा को मिली जीत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेश नेतृत्व के परिश्रम की सराहना की। सहयोगी पार्टी आजसू पार्टी के साथ मिल कर नौ सीटों की जीत को पार्टी टीम के घनघोर परिश्रम का फल बताया। कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की 52 विधानसभा सीटों पर भाजपा की बढ़त रही। मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी उपस्थित थे।

### बाबूलाल की टीम काम करेगी, हम मदद करेंगे

शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि झारखंड को कुशासन से मुक्त कराना है। इस पर विस्तार से बात हुई है। इसके लिए बाबूलाल की टीम यहां काम करेगी और वे और हिमंता विस्वा सरमा इसमें मदद करेंगे। आश्वस्त हैं कि इस बार यहां बीजेपी की सरकार बनेगी। कहा कि आज तक झारखंड सरकार की तरह कोई भ्रष्ट और लुटेरी सरकार नहीं देखी। यह देश में सबसे भ्रष्ट और खराब सरकार है। इसने एक भी वादा पूरा नहीं किया। ना तो एक भी युवा को अपने बल पर नियुक्ति पत्र दिया, ना बेरोजगारी भत्ता। कृषि पशुपालन विकास विभाग का जिक्र करते कहा हुए कि पिछले पांच सालों में इस राज्य को 21 हजार 55 करोड़ रुपये मिले, पर वे पैसे कहां गये, क्या हुआ, पता नहीं। यहां बालू, कोयला, खनिज में लूट मची है। गो तस्करी हो रही है। ट्रांसफर-पोस्टिंग में भी लूट है। झारखंड तबाही की ओर है। उन्होंने कहा कि झारखंड के पूर्व सीएम जेल में हैं और एक मंत्री भी। यह विचित्र स्थिति है। भाजपा का संकल्प इस राज्य को इससे बचाने का है। हम सब परिश्रम करेंगे और यहां सरकार बना कर सुशासन लायेंगे। झारखंड में एसटी सीटों पर हार के सवाल के जवाब में शिवराज ने कहा कि लोकतंत्र में जीत हार लगी रहती है। भाजपा ने यहां ओवर ऑल बढ़िया परिणाम दिया है।

### अपने क्षेत्र में सीएम की हार : हिमंता

असम के सीएम ने कहा कि झारखंड में नौ सीटें देने के लिए वे झारखंड के लोगों को नमन करने आये हैं। मोदी के पीएम बनने में इसका भी बड़ा रोल है। यहां विधानसभा में 41 सीटें जीतने पर बहुमत होता है। झारखंड में 52 विधानसभा सीटों पर भाजपा ने लीड किया है और अच्छा परिणाम दिया है। यहां के सीएम चंपाई सोरेन अपने विधानसभा क्षेत्र में अपने कैंडिडेट को लीड नहीं दिला सके। वे उनकी जगह रहते तो ऐसी हालत में इस्तीफा दे देते। हिमंता ने प्रदेश भाजपा में किसी गुटबाजी से इनकार किया।

### कई मसलों पर की गयी चर्चा: बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश पदाधिकारियों, विधायकों, सांसदों, मोर्चा अध्यक्ष, चुनाव लड़ चुके कैंडिडेट के साथ पार्टी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। झारखंड में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। इस संदर्भ में भी यह बैठक बुलायी गयी थी। इसमें कई मसलों पर चर्चा हुई है।

## मुख्यमंत्री ने मऊभंडार में 2141 विकास योजनाओं की दी सौगात

# सबके सहयोग से बदलेंगे राज्य की तस्वीर और तकदीर : चंपाई सोरेन

- विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जरिये हर वर्ग और तबके को बना रहे सशक्त
- आपकी भावनाओं, उम्मीदों और आकांक्षाओ के अनुरूप झारखंड का कर रहे नवनिर्माण
- लोगों को आगे बढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर देने का प्रयास जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि झारखंड को संवारना है, नयी दिशा देना है, समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। वह रविवार को घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनायेंगे।

**देने जा रहे हैं कई नयी योजनाओं की सौगात :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को हमारी सरकार कई नयी सौगात देने जा रही है। अब बिजली उपभोक्ताओं को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। वहीं, 25 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम उम्र की बहनों और बेटियों को सरकार आर्थिक सहायता देने जा रही है। किसानों के दो लाख रुपये तक का कृषि लोन माफ करने का भी निर्णय सरकार ने लिया है। इन योजनाओं के जरिये राज्य की जनता को आगे बढ़ाने का प्रयास हो रहा है।

### विपरीत परिस्थितियों में विकास को दे रहे गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार वर्ष हो चुके हैं। आप इस बात से वाकिफ हैं कि सरकार गठन के साथ कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से सामना करना पड़ा। ऐसी हालत में भी हमारी सरकार ने जीवन और जीविका के लिए बेहतरीन कार्य किया। इसके बाद जब विकास को गति गति देने की शुरुआत हुई तो कई विपरीत परिस्थितियां आ खड़ी हुईं। लेकिन इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए हम विकास को लगातार गति देने का काम कर रहे हैं।

(पेज 3 भी देखें)




# मरांगबुरु पहुंचीं कल्पना, पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की खुशहाली की कामना की

### मोरारी बापू से लिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। रविवार को वह आदिवासियों की पवित्र धर्मस्थली मरांगबुरू पहुंचीं। वहां उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ इष्ट देव की पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने इष्ट देव से राज्यवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहे। इससे पहले कल्पना सोरेन रविवार की सुबह-सुबह मोरारी बापू का दर्शन करने पहुंचीं। कल्पना गिरिडीह जिले के मधुबन में आयोजित श्रीराम कथा में भी शामिल हुईं और करीब एक घंटे बैठ कर कथा सुनी। गांडेय विधायक ने मोरारी बापू के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

### 18 वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी समेत सभी नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को भी संबोधित करेंगी। यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब राष्ट्रपति भवन में स्पीकर पद की शपथ लेंगे।

# नीट-यूजी परीक्षा में धांधली पर सीबीआइ ने दर्ज की एफआइआर


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर सीबीआइ ने पहली प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआइ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर 8 नामजद और 200 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 5 मई को आयोजित की कई नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं और धोखाधड़ी के मामले सामने आये हैं। परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए मामले को जांच के लिए सीबीआइ को सौंपा गया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो का कहना है कि इस मामले में एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। मामले की जांच के लिए सीबीआइ ने विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें पटना और गुजरात के गोधरा भेज दी गयी हैं। दरअसल पटना और गोधरा में स्थानीय पुलिस ने कई मामले दर्ज किये हैं।

### सीबीआइ की टीम को ग्रामीणों ने पीटा, गाड़ियों में तोड़फोड़

यूजीसी नेट पेपर लीक की जांच कर रही सीबीआइ टीम को बिहार में ग्रामीणों ने जम कर पीट दिया। दिल्ली से पहुंची सीबीआइ की टीम जांच पड़ताल के लिए बिहार के नवादा जिले के एक गांव में पहुंची थी। वहीं, ग्रामीणों ने सीबीआइ टीम पर हमला बोल दिया। स्थानीय पुलिस की सक्रियता से सीबीआइ टीम में शामिल अधिकारियों की जान बच गयी। बता दें कि दिल्ली से सीबीआइ की टीम यूजीसी नेट पेपर लीक मामले की जांच के लिए नवादा जिले के रजौली प्रखंड के कसियाडीह गांव में पहुंची थी। पेपर लीक में शामिल एक व्यक्ति के मोबाइल लोकेशन के आधार पर सीबीआइ टीम उस गांव में पहुंची थी, लेकिन जांच-पड़ताल के दौरान ही गांव के लोगों ने सीबीआइ को नकली बता कर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। लोगों ने सीबीआइ अधिकारियों की गाड़ियों में भी तोड़-फोड़ की। सीबीआइ की टीम में उसके चार अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस की महिला कॉन्स्टेबल भी शामिल थी।

**हमले के बाद महिला समेत चार गिरफ्तार :** नवादा के कसियाडीह गांव में पेपर लीक की जांच करने गयी सीबीआइ टीम से मारपीट और हमले के बाद पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। पुलिस ने हमले के आरोप में एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में कसियाडीह गांव के प्रिंस कुमार, एक महिला और दो अन्य लोग शामिल हैं। रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सीबीआइ अधिकारियों के साथ मारपीट के मामले में रजौली थाने में आठ लोगों पर नामजद और 150-200 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इनमें एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मारपीट की घटना की वीडियोग्राफी भी करायी गयी है। वीडियो के आधार पर हमले में शामिल लोगों को चिह्नित कर उन्हें गिरफ्तार किया जायेगा। वहीं नवादा के एसपी अंबरीष राहुल ने बताया कि यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में सीबीआइ की टीम नवादा पहुंची थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,400 रु./10 ग्राम
चांदी 94,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड विस चुनाव की तैयारियों के बीच चिंता में कांग्रेस

## ■ लोकसभा चुनाव का ही नहीं, 2019 का प्रदर्शन दोहराने की है बड़ी चुनौती

## ■ अपनी सीटें बचा ले गयी कांग्रेस, तो यही उसकी बड़ी कामयाबी मानी जायेगी

## ■ 13.88 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त करना भी कांग्रेस के लिए नहीं होगा आसान

आजाद सिपाही विशेष

लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद अब झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। राजनीतिक दलों के भीतर इसको लेकर रणनीति बनायी जाने लगी है। झारखंड में विधानसभा का चुनाव लोकसभा के चुनाव से पूरी तरह अलग होगा, क्योंकि लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा के नेतृत्व में एनडीए लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश में जुटी थी, वहीं विधानसभा चुनाव में झामुमो के नेतृत्व में कांग्रेस, राजद और वाम दलों का इंडिया गठबंधन लगातार दूसरी बार सत्ता पाने की कोशिश में जुटेगा। इस तरह लोकसभा चुनाव में जहां एनडीए रक्षात्मक मुद्रा में था, वहीं इस बार इंडिया गठबंधन रक्षात्मक मुद्रा में होगा। जहां तक इंडिया गठबंधन की रणनीति की बात है, तो सीट शेयरिंग और दूसरे मुद्दों पर इसके घटक दलों के बीच किसी मतभेद की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती कांग्रेस के सामने है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और दो सीटों पर जीत हासिल की थी। विधानसभा क्षेत्रों की बात करें, तो पार्टी ने 13 क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थी। कांग्रेस ने पिछले विधानसभा चुनाव में कुल 13.88 प्रतिशत वोट हासिल किये थे और इस बार के विधानसभा चुनाव में उसके सामने इस प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती है। कांग्रेस के भीतर के वर्तमान माहौल और उसकी संगठनात्मक स्थिति के अलावा पार्टी की रणनीति को देख कर तो यही लगता है कि कांग्रेस को इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। टिकट बंटवारे से लेकर चुनाव प्रबंधन तक में उसे अपना सब कुछ झोंकना होगा। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए क्या है कांग्रेस की तैयारी और चुनौती, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गयी है। तमाम दलों ने अपनी-अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने के साथ सीट शेयरिंग जैसे मुद्दों पर विचार शुरू कर दिया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को बेदखल कर सत्तारूढ़ हुए झामुमो के नेतृत्व वाले महागठबंधन के भीतर भी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। लेकिन सबसे अधिक सक्रिय कांग्रेस है। कांग्रेस के सामने एक तरफ जहां 2019 के विधानसभा चुनाव का प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है, वहीं लोकसभा चुनाव में उसे मिली कामयाबी को बरकरार रखने का भी चैलेंज है।

### क्या हुआ लोकसभा चुनाव में

इसी महीने संपन्न लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से पांच सीटों पर इंडिया गठबंधन ने जीत हासिल की। इनमें तीन सीटें झामुमो ने और दो सीटें कांग्रेस ने जीतीं। जहां तक प्रत्याशी उतारने की बात है, तो कांग्रेस ने सात, झामुमो ने पांच और राजद और भाकपा माले ने एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारा था। 4 जून को जब परिणाम आया, तब यह बात सामने आयी कि झामुमो को 13 और कांग्रेस को 15 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल हुई। जहां तक सामान्य सीटों पर बढ़त की बात है, तो कांग्रेस को दो और झामुमो को तीन सामान्य सीटों पर बढ़त हासिल हुई। झारखंड कांग्रेस ने यह कह कर लोकसभा चुनाव परिणाम को ऐतिहासिक बताया कि 20 साल बाद कांग्रेस को राज्य में दो सीटें मिली हैं। यह उसके लिए बड़ी कामयाबी है।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जिन विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली, उनमें गुमला (एसटी), बिशुनपुर (एसटी), लोहरदगा (एसटी), खरसावां (एसटी), तमाड़ (एसटी), मांडर (एसची), तोरपा (एसटी), खूंटी (एसटी), सिसई (एसटी), सिमडेगा (एसटी), कोलेबिरा



(एसटी), खिजरी (एसटी), मनिका (एससी), मधुपुर और महागामा जेनरल सीटें शामिल हैं।

### क्या हुआ था 2019 के विधानसभा चुनाव में

2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 16 सीटों पर जीत हासिल की थी। बाद में दो विधायक, प्रदीप यादव (पोड़ैयाहाट) और बंधु तिर्की (मांडर) कांग्रेस में शामिल हो गये, तो उसके विधायकों की संख्या 18 हो गयी। लेकिन रामगढ़ की सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस यह सीट गंवा बैठी और इस तरह झारखंड की पांचवीं विधानसभा में उसके विधायकों की संख्या 17 रह गयी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मांडू के जयप्रकाश भाई पटेल जरूर उसमें शामिल हो गये, लेकिन फिलहाल यह साफ नहीं है कि विधानसभा में उनकी स्थिति क्या है। जहां तक वोट प्रतिशत का सवाल है, तो 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 13.88 प्रतिशत वोट मिले थे।

### कांग्रेस के सामने क्या है चुनौती

कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव में 33 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का मन बनाया है। सीट शेयरिंग के लिहाज से यह बहुत मुश्किल नहीं है, क्योंकि झामुमो भी करीब 35 सीटों पर उम्मीदवार दे सकता है। बाकी सीटें राजद और वाम दलों के लिए छोड़ी जा सकती हैं। कांग्रेस ने इस पर विचार के लिए दिल्ली में बैठक भी बुलायी है। कांग्रेस को पिछले विधानसभा चुनाव में 31 सीटें मिली थी, जबकि झामुमो के हिस्से में 43 सीटें आयी थीं। कांग्रेस का दो अधिक सीटों पर दावा पिछले विधानसभा चुनाव के बाद बदली परिस्थितियों के कारण है। मांडू के भाजपा विधायक जेपी पटेल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं, जबकि पोड़ैयाहाट से पिछले विधानसभा चुनाव में झाविमो के टिकट पर लड़ने वाले प्रदीप यादव भी कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं। वह विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता भी हैं। इसलिए इन दोनों सीटों पर कांग्रेस दावा कर रही है।

### कांग्रेस को इन सीटों पर करनी होगी मेहनत

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जिन सीटों पर मेहनत करनी होगी, उनमें से अधिकांश सामान्य सीटें हैं। इनमें जमशेदपुर पश्चिम, बरही, बड़कागांव, बेरमो, झरिया और पोड़ैयाहाट शामिल हैं। इनके अलावा लातेहार (एससी) में भी कांग्रेस लोकसभा चुनाव में पिछड़ गयी थी।

### झारखंड कांग्रेस में अंतरकलह

झारखंड में लोकसभा की दो सीटों पर जीत हासिल करने के बावजूद प्रदेश कांग्रेस में अंतरकलह कम नहीं हुआ है। प्रदेश नेतृत्व से असंतुष्ट खेमे का कहना है कि सात में से पांच सीटों पर कांग्रेस की हार हुई है। यह बहुत अच्छी स्थिति नहीं है। इसलिए प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की मांग एक बार फिर तेज होने लगी है। पिछले दिनों पार्टी की ओर से बुलायी गयी विस्तारित कार्यसमिति की बैठक से लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक तक में प्रदेश प्रभारी की उपस्थिति में यह मुद्दा जोरशोर से उठाया गया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के साथ-साथ कई आदिवासी विधायकों और मंत्रियों ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कमेटी में बदलाव की बात कही। बंधु तिर्की ने तो सात में से पांच सीट गंवाने की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से इस्तीफे तक की मांग कर दी। इन तमाम परिस्थितियों के बीच अब यह साफ हो गया है कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों में कांग्रेस की स्थिति ठीक नहीं है। वैसे अभी चार-पांच महीने का समय है, लेकिन यदि इस दौरान पार्टी नेतृत्व ने इन मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया, तो उसके लिए 2019 का प्रदर्शन तो दूर की बात, लोकसभा चुनाव का प्रदर्शन दोहराना भी मुश्किल हो जायेगा।

---

## साइबर ठगों का नया ठिकाना बनी लौहनगरी

# विदेशियों को बना रहे निशाना, सात गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** साइबर ठगों ने जमशेदपुर को अपना ठिकाना बनाना शुरू कर दिया है। इसका खुलासा तब हुआ, जब जमशेदपुर पुलिस ने गोलमुरी मुस्लिम बस्ती में छापेमारी कर साइबर ठग गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में गोलमुरी टुइलाडुंगरी निवासी अमरीक सिंह उर्फ रिंकू, कोलकाता दत्ता लेन निवासी विवेक गुप्ता, कोलकाता बगोई पाड़ा निवासी तनुप दास, हावड़ा निवासी गौरव चौधरी, मनीष चौधरी, संदीप कुमार राम और प्रवीण चौधरी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, सात लैपटॉप चार्जर, एक स्वीप मशीन और 13 एटीएम कार्ड जब्त किये। हालांकि गिरोह का मुख्य सरगना टेल्को घड़ी पार्क के पास रहनेवाला सौरभ कुमार सिन्हा और साइबर क्राइम के लिए जगह उपलब्ध कराने वाला रमीज रजा खान पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। वहीं पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए छापेमारी कर रही है।

एसएसपी किशोर कौशल को सूचना मिली थी कि गोलमुरी में साइबर ठगी का काम किया जा रहा है। सूचना पर बिष्टुपुर थाना में रमीज रजा खान के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद बिष्टुपुर थाना प्रभारी उमेश कुमार ठाकुर और गोलमुरी पुलिस ने संयुक्त रूप से मुस्लिम बस्ती स्थित रमीज रजा खान के घर छापेमारी की। मौके से पुलिस ने सातों आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने मौके से साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले कई सामान भी जब्त किये। पुलिस सभी को गिरफ्तार कर थाना ले आयी, जहां पूछताछ करने के बाद सभी को रविवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि कुछ माह पूर्व ही जमशेदपुर से साइबर क्राइम की शुरुआत की है। यहां रमीज रजा खान के घर पर ठगी का काम चलता था। सभी को यहां रहने के लिए फ्लैट भी दिया गया था। इसके लिए सौरभ 30-40 हजार रुपये प्रतिमाह दिया करता था। इसके अलावा जितने रुपये ठगे जाते थे, उसके बदले कमीशन भी मिलता था। सौरभ का साला दीपू उर्फ गुरदीप सिंह खाने-पीने का सामान उपलब्ध कराता था। जिस दिन कोई बड़ी ठगी होती, उस दिन शराब की पार्टी भी चलती थी। हावड़ा का रहने वाला दिलीप सौरभ को मैनपावर की सप्लाई भी करता था। ठगी का पैसा सौरभ सिन्हा के पास ऑनलाइन के माध्यम से मंगाया जाता था।

### ऐसे बनाते थे लोगों को अपना शिकार



गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि साइबर ठगी के लिए विदेश के लोगों को शिकार बनाया जाता था। इसमें लंदन के लोगों को ज्यादा शिकार बनाया जाता था। इसलिए शाम सात बजे से काम शुरू कर दिया जाता था और यह काम सुबह सात बजे तक चलता था। इसके लिए अमरीक सिंह विदेशियों का डेटा उपलब्ध कराता था। इस दौरान लोगों से इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से संपर्क कर उन्हें अपने जाल में फंसा कर रिमोट कंट्रोल एप, स्पेयर पार्ट्स एप से लोगों का मोबाइल क्लोन कर लेते थे। इसके अलावा क्रिप्टो करेंसी और वेस्टर्न यूनियन मनी ग्राम के माध्यम से भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता था। अब तक करोड़ों रुपये की ठगी की जा चुकी है। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### पुलिस ने तीन शातिर साइबर ठग को दबोचा



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के सरिया और गांडेय से तीन साइबर अपराधियों को साइबर डीएसपी आबिद खान ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में देवघर के मधुपुर थाना इलाके के दारबे गांव निवासी जमीर अंसारी, देवघर के मार्गोमुंडा थाना इलाके के डुमरिया गांव निवासी बॉबी गुप्ता और गांडेय के रक्सकुटो गांव उदय मंडल शामिल है। जानकारी के अनुसार तीनों बेहद शातिर अपराधी बताये जा रहे हैं। क्योंकि तीनों को साइबर पुलिस ने उस वक्त दबोचा, जब तीनों अलग-अलग इलाके में अपराध की योजना बनाने की तैयारी में थे। पुलिस ने तीनों अपराधियों के पास से दो बाइक के साथ पांच मोबाइल और छह सिम कार्ड जब्त किये हैं। जानकारी के अनुसार तीनों अपराधी एसबीआइ का योनो लिंक भेज कर बैंक खाते से उनका अकाउंट खाली कर देते थे, जबकि पैसे की ठगी करने के लिए ही एयरटेल पेमेंट एप का इस्तेमाल करते थे। तीनों खुद को बैंक अधिकारी बन कर भी लोगों के पैसे ठगते थे। इतना ही नहीं, तीनों फर्जी सिम उपलब्ध कराने के साथ फर्जी बैंक खाता बनाने में माहिर थे। फर्जी बैंक खाता तैयार करना भी इनके पैसे की ठगी में शामिल था। तीनों ने अब तक 25 लाख से अधिक की संपत्ति इसी अपराध के जरिये अर्जित कर रखी है।

## पैसा जमा नहीं करनेवाले संस्थानों को नोटिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** एचइसी कोर कैपिटल एरिया में भूमि आवंटित होने के बावजूद जिन संस्थाओं ने अब तक न तो पैसा जमा किया है और न जमीन पर कब्जा लिया है, उन्हें डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि यदि छह महीने के अंदर आवंटित जमीन का पैसा सरकारी राजकोष में जमा नहीं हुआ, तो आवंटन रद्द कर दिया जायेगा। जिन संस्थानों ने जमीन आवंटित होने के बावजूद न तो पैसा जमा किया और न जमीन पर कब्जा लिया, उनमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक और डाक विभाग शामिल है। बता दें कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन सभागार में ग्रेटर रांची विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित की जानेवाली विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक में कोर कैपिटल क्षेत्र में जिन संस्थाओं को भूमि आवंटित की गयी है, उनमें वैसे संस्थानों को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया था, जिसने आवंटित भूमि पर दखल कब्जा नहीं लिया है और न जमीन के बदले में राशि ही जमा की है। बैठक में ही निर्देश दिया गया था कि ऐसे संस्थान यदि छह माह के अंदर आवंटित भूमि के एवज में सरकारी राजकोष में पैसे जमा कर दखल कब्जा नहीं लेते हैं, तो उनका आवंटन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाये।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## झारखंड से यूपी-पंजाब तक जुड़ा है नशीले पदार्थ का नेटवर्क

# अफीम के साथ यूपी में पकड़ी गयी महिला तस्कर

### हजारीबाग का राजू मांझी करता है अफीम की खेती





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग जिले के चुरचू निवासी राजू मांझी अफीम की खेती करता है। मादक पदार्थ तस्करी में सक्रिय हजारीबाग के एक गिरोह के माध्यम से राजू मांझी की अफीम उत्तराखंड, यूपी समेत अन्य राज्य में पहुंचती है। यूपी एसटीएफ के हत्थे चढ़ी गिरोह की महिला तस्कर ने इसका खुलासा किया। महिला तस्कर की पहचान हजारीबाग जिले के बड़कागांव स्थित ओखनी तेली टोली की रहनेवाली शांति कुमारी, पति चंदन सिंह के रूप में की गयी है।

बीएसपी फाइनल इयर की छात्रा शांति अपने घर से अलग हजारीबाग शहर में किराये के मकान में रहती है। यहीं रह कर गिरोह के लोगों से जुड़ कर अफीम तस्करी का धंधा करने लगी। शांति राजू मांझी से 1.05 लाख रुपये प्रति किलो के हिसाब से अफीम खरीदती है। इसे डेढ़ लाख या और इससे ज्यादा में बेचती है। झारखंड से अफीम लाकर बरेली, आसपास के जनपदों और उत्तराखंड में सप्लाई करती है।

आरोपी महिला को यूपी एसटीएफ की टीम ने शाहजहांपुर-बरेली हाइवे पर स्थित सरकड़ा मोड़ के पास पकड़ा। तलाशी के क्रम में महिला के बैग से छह किलो अफीम को पुलिस ने बरामद किया। पूछताछ में महिला ने बताया कि इसका एक गिरोह है, जो मादक पदार्थ की तस्करी करता है। बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के अंजनी गांव निवासी राहुल को अफीम देनेवाली थी।

महिला की निशानदेही पर नेशनल हाइवे पर सरकड़ा गांव के पास से राहुल को एक किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में राहुल ने बताया कि वह झारखंड से अफीम मंगाता है और हाइवे पर इसकी सप्लाई करता है। उसके साथ ही वह पंजाब के लोगों को भी सप्लाई करता है। दोनों ही तस्कर कई बार अफीम की खेप ले जा चुके हैं।

### एक्शन के बावजूद नहीं थम रहा कारोबार



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में बीते करीब साढ़े तीन साल में नशा कारोबार से जुड़े 1636 आरोपी गिरफ्तारी हुए हैं। इन आरोपियों की गिरफ्तारी जनवरी 2022 से लेकर 31 मई 2024 के बीच हुई है। इस दौरान पूरे राज्य में नशे के कारोबार को लेकर 1141 केस दर्ज हुए हैं। वहीं इस दौरान पुलिस ने 9075 किलो गांजा, 62314 किलो डोडा, 1304 किलो अफीम और 2.064 किलो ब्राउन शुगर भी बरामद किये हैं। इसके अलावा पुलिस ने 841 ग्राम हेरोइन भी जब्त किये हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.2 °c | 24.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 जून, 2024
www.azadsipahi.in


### सीएम ने जमशेदपुर के बुरुडीह डैम का किया अवलोकन

# बुरुडीह डैम को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अवलोकन के क्रम में बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये। कहा कि हमारी सरकार राज्य के कई नये पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड प्राकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से बहुत ही आकर्षक राज्य है। यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं हैं। यही कारण है कि सरकार राज्य में चिह्नित कई धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों सहित पहाड़, डैम, फॉल आदि आकर्षक जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्य योजना बना रही है।

**डैम का पानी किसानों को उपलब्ध करायेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय ही व्यक्तिगत रूप से जंगल से घिरे हुए इस ऐतिहासिक बुरुडीह डैम की खूबसूरती से परिचित हूं। इस डैम का सर्वांगीण विकास हो, यह पहले से ही मन में था। इस डैम का पानी बुरुडीह के आसपास के किसानों को मिले, इसी उद्देश्य से सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर सेक्टर में विकास की एक लंबी लकीर खींचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



**सभी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम का सौंदर्यीकरण कार्य सहित राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन के सभी जरूरी व्यवस्थाओं को एक निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा करना सरकार का लक्ष्य है। यहां गेस्ट हाउस, खेल मैदान, पार्क निर्माण समेत अन्य क्षेत्र में सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से लोग इस पर्यटन स्थल में आकर यहां की खूबसूरती का आनंद ले सकें। इसके लिए डैम को कनेक्ट करनेवाली सड़क सहित बिजली, पानी और पर्यटकों के ठहरने की पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम को विकसित कर घाटशिला क्षेत्र को एक नयी पहचान देनी है। मौके पर मुख्यमंत्री ने पौधरोपण किया और पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर संरक्षित करने का संदेश दिया।

**अधिकारियों को दिया टास्क :** मुख्यमंत्री ने अवलोकन के दौरान अधिकारियों से राज्य सरकार द्वारा बुरुडीह डैम में की जाने वाली कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग, वन विभाग और पूर्वी सिंहभूम जिला के अधिकारियों को बेहतर तालमेल और समन्वय बना कर बुरुडीह डैम के विकास कार्य को निश्चित समय सीमा के अंतर्गत मूर्त रूप देने का निर्देश दिया।

**इनकी रही मौजूदगी :** विधायक रामदास सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, एसएसपी जमशेदपुर किशोर कौशल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गरीबों के पक्का मकान होने के सपने को कर रहे साकार: सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार अपने दम पर अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीबों और जरूरतमंदों को पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि सबके पास अपना पक्का मकान हो।

**यह आपकी सरकार है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपकी भावनाओं, उम्मीदों और आकांक्षाओ को पूरा करने की दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में 'आपकी योजना -आपकी सरकार -आपके द्वार' कार्यक्रम के जरिये सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। यह कार्यक्रम आगे भी चलाया जायेगा, क्योंकि जनता से जुड़कर हम राज्य को नयी पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**राज्य की आधारभूत संरचना के साथ हर सेक्टर का कर रहे सर्वांगीण विकास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत बना रहे हैं। लगभग 15 हजार किलोमीटर लंबी सड़कें बन रही हैं। वहीं सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार समेत सभी सेक्टर की व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम हो रहा है। लोगों को आगे बढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर देने का प्रयास जारी है। खेतों में सालों भर पानी रहे, इसके लिए सिंचाई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। राज्य में स्थित निजी क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय को नौकरी देने का कानून सरकार ने बनाया है। अब अभियान चलाकर यहां के युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी दिलायी जायेगी। शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बना रहे हैं। यहां के गरीब बच्चे भी इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर बनें, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना समेत कई और योजनाएं चल रही हैं। इन तमाम योजनाओं के माध्यम से यहां के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, गरीब, मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, युवा हर किसी को सशक्त करने का प्रयास निरंतर जारी है।

**कई योजनाओं का मिला तोहफा :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45 करोड़ 79 लाख 99 हजार 980 रुपये की 2141 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें 14 करोड़ 88 लाख 44 हजार 580 रुपये की 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 30 करोड़ 91 लाख 55 हजार 400 रुपये की योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन पट्टा वितरण योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अनेकों कल्याणकारी योजनाओं के 20 हजार 484 लाभुकों के बीच 71 करोड़ 63 लाख चार हजार 200 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया।

**ये रहे उपस्थित :** इस कार्यक्रम में विधायक रामदास सोरेन, विधायक समीर मोहंती , विधायक संजीव सरदार, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, झारखंड गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरि, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरि कुमार केशरी तथा जिले के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।




**राज्य के पिछड़ेपन को दूर करने का संकल्प**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक और खनिज संसाधनों के मामले में काफी धनी है। यहां कोयला, तांबा, लोहा, सोना और यूरेनियम समेत कई खनिज प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि इस राज्य की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है। यहां के लोग गरीबी और अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आदिवासियों-मूलवासियों ने झारखंड अलग राज्य के लिए लंबा संघर्ष किया था। अलग राज्य की लड़ाई में कई आंदोलनकारी शहीद हुए थे। लेकिन अलग राज्य बनने के बाद उनके सपनों का झारखंड नहीं बन सका, लेकिन हमारी सरकार इस राज्य के आंदोलनकारियों और यहां की जनता की भावनाओं के अनुरोध राज्य का नवनिर्माण करने की दिशा में मजबूती कदम बढ़ा दिये हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।

**वृष** परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य सफल होगा, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, विरोधियों पर विजय पाने की कोशिश सफल हो सकती है।

**मिथुन** धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**कर्क** माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**कन्या** बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**तुला** नौकरी में उल्लास, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृश्चिक** पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**धनु** आर्थिक लाभ,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**मकर** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**कुंभ** विरोधियों पर विजय,सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मीन** बिना-विचारे कोई काम न करें, चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए मां के नाम से एक पौधा लगायें : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने रविवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत मोरहाबादी स्थित शहीद संकल्प शुक्ला पार्क में मां के चित्र के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने कहा कि धरती हमारी मां है और इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। आज पूरे देश में एक पेड़ अपनी मां के नाम से लगाया जा रहा है। आज विकास के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं। कंक्रीट के दुष्परिणाम सबों के सामने है। इसे बचाने के लिए हम सबों को जल, जंगल, जमीन को सुरक्षित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, हेमंत दास, प्रेम मित्तल, रमेश सिंह, ललित ओझा, संजय जयसवाल, मुनचुन राय, कृष्ण कुमार दयाल, रंजीत चौरसिया, सरदार गोविंद सिंह, प्रकाश नारायण, हरि नारायण गुप्ता, नीरज पासवान, राजेश सिन्हा, रामेंद्र कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



**प्रेस क्लब पर समाज को नाज है : संजय सेठ**

रांची (आजाद सिपाही)। रांची प्रेस क्लब में जब भी आता हूं, लगता है कि परिवार में हूं। पूरे देश में ऐसा प्रेस क्लब दूसरा नहीं है। इस क्लब पर समाज को नाज है। यह कहना था सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का। वह रांची प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। श्री सेठ द रांची प्रेस क्लब के एसोसिएट मेंबर भी हैं। इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। जीवन में पैसे से, पद से कुछ हासिल नहीं कर सकते। अपने व्यवहार से ही हम सब कुछ हासिल कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार रांची प्रेस क्लब पहुंचे श्री सेठ का स्वागत क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन और सचिव अमरकांत ने शॉल ओढ़ाकर किया।



उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, रतन लाल और कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, आलोक कुमार सिन्हा, अंजनी कुमार, आरजे अरविंद, संजय सुमन, सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, मोनू कुमार ने पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद ने किया। इस मौके पर पत्रकार ब्रजेश राय, प्रमोद झा, निलय सिंह, सुनील सिंह, सुशील सिंह मिंटू, दिलीप सिंह, परवेज कुरैशी, आमिर, काजल मेहता, अजय लाल, प्रभात जयसवाल मौजूद थे।

## अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ का प्रदेश अध्यक्ष बने राकेश राम



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के राकेश कुमार राम को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर राकेश ने राष्ट्रीय अध्यक्ष करम सिंह कर्म, राष्ट्रीय महामंत्री राजपाल महुरोलिया और राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष विशाल बिरला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के समस्त सफाई कर्मियों के हर अधिकार की लड़ाई को पूरी ताकत के साथ लड़ा जायेगा।

# आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता का निलंबन वापस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के निलंबित वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता निलंबन मुक्त किये गये। रविवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी, गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता को सम्यक विचारोपरांत तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने यह उम्मीद जतायी है कि पार्टी के उक्त तीनों वरिष्ठ नेता कांग्रेस पार्टी के विचार-धारा पर पूरी दृढ़ता से कार्य करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती प्रदान करने में अपना निष्ठापूर्ण योगदान देंगे। कांग्रेस के प्रदेश संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो ने यह जानकारी दी।



# 4.50 लाख झारखंडियों को मिलेगा अबुआ आवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अबुआ आवास योजना से इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.50 लाख आवास का आवंटन होगा। इसकी कवायद तेज कर दी गयी है। लाभुकों की संख्या में वृद्धि होने की वजह से सरकार ने यह लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के निर्देश पर ग्रामीण विकास विभाग जिलावार लक्ष्य तय करने में जुटा है। अगले सप्ताह इसे फाइनल कर दिया जायेगा। सभी जिलों को मिला कर करीब 4.50 लाख आवास का आवंटन किया जायेगा। जिलों से रिपोर्ट मंगायी गयी है। इसकी समीक्षा की जा रही है। विभागीय सचिव ने आवास आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दो लाख लाभुकों को ही आवास देने का लक्ष्य रखा गया था। इन्हें पहली किस्त के तहत तीस-तीस हजार रुपये काम शुरू कराने के लिए दिये गये हैं। वहीं, जिन्होंने पहले चरण का काम पूरा करके वेबसाइट में फोटो अपडेट किया है, उन्हें 50-50 हजार रुपये दिये गये हैं। हालांकि इनकी संख्या अभी कम है। ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन लाभुकों ने संतोषजनक काम किया है, उन्हें अविलंब दूसरी किस्त की राशि आवंटित करें।

# मणिटोला की करोड़ों की जमीन पर लग गयी माफियाओं की नजर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा इलाके में करोड़ों के भूखंड पर जमीन माफिया और दबंगों की नजर लग गयी है। इस भूखंड पर कब्जा करने के लिए दबंग वहां दिन-रात काम कर रहे हैं। जमीन के कागज के नाम पर उनके पास दबंगई के अलावा कुछ नहीं है। जमीन का असली मालिक इंसाफ के लिए अधिकारियों के यहां दर-बदर हो रहा है। भूखंड मणिटोला में है, जिसका कुल रकबा दो एकड़ से ज्यादा है।

1941 में जागेश्वर राम, मानकी राम और दनेश राम ने मो कुर्बान को 32 डिसमिल जमीन बेच दी। फिर 1950 में एक एकड़ 92 डिसमिल जमीन इन्हीं लोगों को बेच दी। इसका म्यूटेशन भी हो गया और रसीद भी कटनी शुरू हो गयी। मो कुर्बान के छह लड़के हैं, मो अलाउद्दीन, सरफराज अहमद, मो इस्लाम, मो रोशन उर्फ तस्लीम, आजम अहमद और मो रिजवान के नाम म्यूटेशन हुआ है और रसीद भी कट रही है। वर्ष 2023 में अचानक कुछ लोग जमीन पर आ पहुंचे और खुद को जमीन का मालिक बताने लगे। यहीं से विवाद शुरू हुआ। दूसरे पक्ष का दावा है कि कृष्णा राम उर्फ कृष्णा सिन्हा ने 6 जून 2017 को उपेंद्र सिंह को पावर आफ अटार्नी दे दिया। आरोप के मुताबिक 12 जून 2022 को उपेंद्र सिंह ने फराद उर्फ खोखा से एग्रीमेंट कर लिया। खोखा उस जमीन पर पहुंचा और खुद को उसका मालिक बताने लगा। वह तीन एकड़ 21 डिसमिल जमीन के एग्रीमेंट से संबंधित दस्तावेज लेकर पहुंचा था। मामला एसडीओ के न्यायालय में गया। एसडीओ ने साफ लिखा है कि प्रथम पक्ष यानि मो कुर्बान से संबंधित दस्तावेज को सही पाया। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा जो दस्तावेज दिये गये, उसे संदेहास्पद बताया। फैसला के बाद भी प्रथम पक्ष परेशान है। इसी बीच 9 मई 2024 को दशरथ नामक कोई और व्यक्ति असली मालिक का वंशज बताते हुए इस जमीन का एग्रीमेंट विजय कुमार और बसंत कुमार के नाम कर दिया। सही दस्तावेज इन लोगों के पास भी नहीं है। इस जमीन पर अब यह भी दावा कर रहा है। डोरंडा पुलिस से बार-बार शिकायत करने के बावजूद वह भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। वहां धड़ल्ले से काम हो रहा है।

- जमीन मालिक की बात कोई सुनने को तैयार नहीं
- जमीन पर अवैध कब्जा के लिए जोरों से चल रहा काम



# गिरिडीह में जेएमएम कार्यालय पहुंचीं कल्पना सोरेन चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झामुमो की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन पिछले दो दिनों से गिरिडीह में हैं। रविवार को पार्टी कार्यालय पहुंचीं। जहां उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झामुमो और इंडी गठबंधन के एक-एक कार्यकर्ताओं ने उनका साथ दिया और हर वक्त मजबूती से खड़े रहें। कहा कि जब वह पहली बार जेएमएम कार्यालय से गुजर रही थीं, तो वो पार्टी ऑफिस में मीटिंग करते कार्यकर्ताओं को देखी, तो उन्हें भी अच्छा लगा कि चुनावी लड़ाई की तैयारी जोर शोर से जारी है।

पार्टी कार्यालय में महिला कार्यकर्ताओं को लेकर कल्पना सोरेन ने कहा कि भारत में आधी आबादी महिलाओं की है ऐसे में आने वाले विधानसभा चुनाव में इसी आधी आबादी की भूमिका बेहद खास होने वाली है। क्योंकि राजनीतिक लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। बल्कि आने वाले दिन में यही लड़ाई और तेज होगी और इसलिए कार्यकर्ताओं से कहेंगी कि अब समय आ गया है वे तैयारी कर लें। बहुत कम समय जेएमएम कार्यकर्ताओं के पास बचा है।



कल्पना सोरेन ने सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद को बड़ा भाई बताते हुए कहा कि इन दोनों के नेतृत्व के साथ अपने सिपाहियों के बलबूते वह चुनाव जीतीं। कहा कि अलग झारखंड की लड़ाई झामुमो ने लड़ी थी और अब समय आ गया है कि गुरु जी और हेमंत सोरेन के सपनो का झारखंड बनाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता को तैयारी करना होगा। इस बीच पार्टी कार्यालय के बाद कल्पना सोरेन गांडेय में होने वाले कार्यक्रम के लिए निकलीं। वहीं पार्टी कार्यालय में जेएमएम नेता अजीत कुमार पप्पू, अभय सिंह, प्रमिला मेहरा, नीलम झा समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# मां और प्रकृति दोनों जीवन के आधार : शिवराज सिंह

## पर्यावरण की रक्षा के बिना आत्मनिर्भर भारत का संकल्प अधूरा : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रदेश भाजपा द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के रूप में मनाया। अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर आये केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आइसीएआर परिसर नामकुम में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों जीवन के आधार हैं। दोनों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण केलिए संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर कार्यकर्ता 23 जून से 6 जुलाई तक लाखों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि प्रकृति भी मां के समान है।

कहा कि कि प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लें और समाज के हर व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित भी करें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज दुनिया की प्राथमिकता है। दुनिया बढ़ती गर्मी से परेशान है। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्म निर्भर भारत भी बनाना है और पर्यावरण को भी स्वस्थ करना है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारियों, विधायक सांसद गण ने भी विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया।









### शिवराज चौहान ने कृषि संस्थान का भ्रमण किया

**नामकुम।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार की सुबह पूरे संस्थान का परिभ्रमण किया। सभी विषयों की गहन जानकारी ली । मंत्री और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा संस्थान के परिसर में चंदन के पौधे लगाये गये। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तीनों संस्थानों के निदेशकों द्वारा अपने-अपने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इसके अंतर्गत भारतीय जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ सुजय रक्षित, निदेशक डॉ अभिजीत कर ने योजनाओं की जानकारी दी। पठारी अनुसंधान केंद्र के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में विवरण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे सहित तीनों संस्थानों के वैज्ञानिक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## किसको सुनायें, सुननेवाला कोई नहीं

# 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों पर अमल नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ पांच प्रमंडलों में गठित उपभोक्ता फोरम में भी चेयरमैन और सदस्य का पद खाली हो गया है। ऐसे में राज्य के 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें कौन सुनेगा। इस पर सवाल खड़े हो गये हैं। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ गुप्ता का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो गया। अब आयोग में सिर्फ मेंबर तकनीक अतुल कुमार और मेंबर लॉ महेंद्र प्रसाद ही बचे हैं। ऐसे में 2024-25 के लिए बिजली दर निर्धारण में देरी होगी। वहीं आयोग में नयी नियुक्ति भी नहीं हो पा रही है। पिछले साल नवंबर में आयोग ने अफसरों की नियुक्ति का विज्ञापन निकाला था।

पिछले साल नवंबर 2023 में राज्य विद्युत नियामक आयोग ने सचिव, लेखा और वित्त अधिकारी और सहायक निदेशक के पद पर नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया था। इन पदों पर नियुक्ति प्रत्यक्ष, अनुबंध और प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जानी है। उम्मीदवारों के अनुभव के आधार पर आयोग चयन करेगा। आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर इन पदों के लिए आवेदन भी उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही योग्यता की जानकारी भी दी गयी। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए हर लाइसेंसी को कंज्यूमर ग्रिवांस रिडरेशन फोरम का गठन करना था। फोरम का गठन हुआ, लेकिन अध्यक्ष नहीं होने से कामकाज बाधित हो रहा है। फोरम में डिस्ट्रिक्ट जज स्तर के अधिकारी की नियुक्ति होनी है। पलामू के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं है। पलामू में कंज्यूमर ग्रिवांस रिडरेशन फोरम में पिछले चार साल से अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पायी है। 7 नवंबर 2019 से अध्यक्ष का पद खाली है। इधर, रांची में भी अध्यक्ष का पद खाली है। चाइबासा में 22 मई 2022 से अध्यक्ष का पद खाली पड़ा हुआ है। बोकारो में 19 नवंबर 2021 से अध्यक्ष का पद खाली है।

**क्या है नियम :** अगर पावर सप्लाई करने वाला लाइसेंसी फोरम में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति नहीं करता है तो विद्युत नियामक आयोग उस लाइसेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी कर सकता है। खास बात यह है कि फोरम में उपभोक्ताओं की ओर से एक प्रतिनिधि का होना जरूरी है, लेकिन अब तक उपभोक्ताओं की ओर से एक भी फोरम में प्रतिनिधि नहीं है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्याम सेवा ट्रस्ट का रक्तदान और जांच शिविर




रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर और मधुमेह की निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट अपने स्थापना काल से ही मानव सेवा के कार्य के प्रति प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला ने कहा कि रक्तदान महादान है। साथ ही देश में मधुमेह की बढ़ती आक्रमता को देखते हुए समय पर इसकी जांच और रोकथाम अति आवश्यक है। मानव सेवा की इस कार्य में श्याम सेवा ट्रस्ट भविष्य में और तेजी से काम करेगा। शिविर में 55 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। 73 लोगों की निःशुल्क मधुमेह जांच की गयी। कार्यक्रम में धीरज बंका, गौरव परसरामपुरिया, विवेक ढांढनीया, विकास पाडिया, राजेश सारस्वत, अभिषेक डालमिया, नीतेश केजरीवाल, अमित जालान, मनोज सिंघानिया समेत अन्य मौजूद थे।

### मारवाड़ी सम्मेलन की द्वितीय कार्यकारिणी की बैठक में कई निर्णय



रांची (आजाद सिपाही)। जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी सदस्यों की द्वितीय बैठक महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। इसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। महामंत्री विनोद कुमार जैन ने सम्मेलन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि सम्मान समारोह में 170 बच्चों को सम्मानित किया गया। शहर में स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम में एक स्थाई आधुनिक प्याऊ लगाने की योजना है। ललित कुमार पोद्दार ने कहा कि विगत दो वर्षों से दो अन्नपूर्णा सेवा चलाया जा रहा है। स्थान मिलने पर तीसरा अन्नपूर्णा सेवा प्रारंभ करने की योजना है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला मारवाड़ी सम्मेलन जन सेवा के साथ शिक्षा, चिकित्सा, पौधरोपण और अन्य सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखेगा।बैठक में कौशल राजगढ़िया, किशन साबू, संजय सर्राफ, भागचंद पोद्दार, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद जैन, कमल कुमार केडिया, पवन शर्मा, नंदकिशोर पाटोदिया समेत अन्य मौजूद थे।

### अधिकारों की बात करनेवालों को ही सत्ता की चाबी देंगे सदान: राजेंद्र प्रसाद



रांची (आजाद सिपाही)। मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से सदानों के अधिकार को लेकर सदानी झंडा लगाओ अभियान का आयोजन खेल गांव में किया गया। सदानी झंडा को घरों में लगाने को लेकर मूलवासी सदान काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में हरेक सीटों को मूलवासी सदान प्रभावित करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जो राजनीतिक दल मूलवासी सदानों के अधिकारों की बात करेगा और राजनीतिक भागीदारी देगा, उसी दल को मूलवासी सदान सत्ता की चाबी देंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल यदि विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया, तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। झारखंड आंदोलनकारी सह मोर्चा के सलाहकार क्षितिश कुमार राय ने कहा कि झारखंड राज्य मूलवासी सदानों के बलिदान से मिला है। कहा कि झारखंड में सदानों की आबादी 65 प्रतिशत है, लेकिन हम अपने वोट का महत्व को नहीं समझ पाये, जिसका लाभ राजनीतिक दल उठा रहे हैं। हमें संगठित होकर ही वोट करना है, तभी सदानों को अधिकार मिलेगा। मौके पर प्रवक्ता डॉ सुरेश कुमार साहू, राम प्रसाद, प्रो अरविंद कुमार, प्रो अमर कुमार यादव, विशाल सिंह, विश्वनाथ गोप, अमित साहू, सुशील कुमार, कृष्णा बैठा, हरिराम, नरेश साहू, महेंद्र कुमार, लक्षी नाथ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### संत श्री आसाराम बापू को षड्यंत्र से फंसाया गया: रामा भाई



रांची (आजाद सिपाही)। संत आसाराम बापू को षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है। उनके खिलाफ वर्षों से षड्यंत्र चल रहा था, लेकिन हर बार वे निर्दोष साबित हो रहे थे। अंत में दुष्कर्म के केस में उन्हें फंसा दिया गया। एक लड़की के कोरा बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर बापू को जेल भेज दिया गया। पोक्सो एक्ट भी लगा दिया। ये बातें बापू के शिष्य रामा भाई ने रांची डोरंडा स्थित शिव मंदिर धर्मशाला में श्री योगवेदांत सेवा समिति द्वारा आयोजित गीता भागवत सत्संग के पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में संत पर थोड़े ही अंतराल में दो अलग-अलग स्थानों से एक जैसे केस होना, यह पूरी तरह से साजिश दिखता है। जोधपुर केस और अहमदाबाद केस में आजीवन कारावास दिया गया, जबकि कोई साक्ष्य नहीं था। सिर्फ सजा का आधार बना मात्र आरोपी लड़की और उसके माता-पिता का बयान। रामा भाई ने उपस्थित सैंकड़ों साधकों से बापू की रिहाई के लिए प्रार्थना और संकल्प भी कराया।

### नहीं खुल रही स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की वेबसाइट, छात्र परेशान

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए गुरूजी क्रेटिड कार्ड योजना की शुरुआत की है। इसके तहत राज्य में 10वीं और 12वीं पास वैसे विद्यार्थी जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। वैसे विद्यार्थियों को गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराया जाना है। 21 जून को सीएम चंपाई सोरेन ने इस योजना की समीक्षा भी की थी। इस योजना के लिए आवेदन जमा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने बेवसाइट भी लांच किया है, लेकिन यह बेबसाइट काम ही नहीं कर रहा है। वेबसाइट में अप्लाई फॉर्म, फिर एप्रुवल के ऑप्शन दिये गये हैं, लेकिन यह खुल ही नहीं रहा है। ऐसे में आवेदन करने वाले विद्यार्थी परेशान हैं।

# रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता का समापन 22 जून को हुआ। इस आयोजन बिहार रेजीमेंट सेंटर दानापुर के फायरिंग रेंज पर किया गया था। इसमें पूरे भारतवर्ष से विभिन्न क्षेत्रीय रेलों के रेलवे सुरक्षा बल के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें राइफलए पिस्टल और कारबाइन की विभिन्न फायरिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।


प्रतियोगिता का समापन समारोह 23 जून को अधिकारी क्लब महिंद्रू घाट पटना में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल तरुण प्रकाश द्वारा विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार सहित रेलवे सुरक्षा बल के मुख्यालय और मंडलों के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब दक्षिण रेलवे ने विजेता जीता। रेलवे सुरक्षा विशेष बल की टीम उपविजेता रही। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे के प्रधान आरक्षी राजेश यादव को सर्वश्रेष्ठ फायरर घोषित किया गया।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की अखंडता के पर्याय थे: कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिक्षाविद-चिंतक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालयए रांची में उन्हें याद किया गया।

कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नही चलेंगे का नारा देने वाले, कम उम्र में ही राजनीतिक चरमोत्कर्ष को प्राप्त करने वाले और राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पर्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ।



मात्र 33 वर्ष की आयु में में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने।

उन्होंने उनके व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि वे देश की समग्रता पर विश्वास करते हुए एक राष्ट्र, एक विधान की बात के साथ ही उन्होंने 8 मई 1953 को बगैर किसी अनुमति के कश्मीर की यात्रा प्रारंभ कर दी। इस अवसर पर कुलसचिव नमिता सिंह, पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# अन्नपूर्णा भंडारा में 1300 श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा का प्रसाद श्रवण कुमार, ललिता देवी अग्रवाल की शादी की सालगिरह के अवसर पर पुत्रवधु सोनी महिमा अग्रवाल और उनके परिवार के सदस्यों ने अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन किया। रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में 1300 श्रद्धालुओं प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पुरणमल सर्राफ, निर्मल जालान, मनीष सोनी, चिरंजीलाल खंडेलवाल, उर्मिला पाडिया, श्रवण ललिता अग्रवाल, डुंगरमल अग्रवाल, मनोज कुमार चौधरी, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।



# कर्म चौक से काम करने जा रहे भुनेश्वर प्रसाद हुए लापता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के कर्म चौक विद्यानगर निवासी भानु प्रसाद उर्फ मिंटू काम करने जा रहे थे इसी बीच कर्म चौक से लापता हो गया परिजन ने अपने स्थल से उसकी काफी खोजबीन की मगर उसका कहीं कोई पता नहीं चल पाया है। 19 अप्रैल की सुबह 10:00 बजे वह अपने घर कर्म चौक से काम करने पीएनजी ऑफिस जा रहे थे इस बीच वह लापता हो गया। परिजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन व्यक्ति की तस्वीर शेयर कर जानकारी मिलने पर इस नंबर 9835451748 पर संपर्क करने की अपील की है। परिजनों ने पुलिस से उसे व्यक्ति की खोजबीन करने की गुहार लगायी है।




## जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में विकास का धमाल

# कोरिया के पहलवान को मारा धोबियापाट, रचा इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जॉर्डन में 21 जून से आयोजित अंडर 17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में झारखंड के विकास कच्छप ने पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। 30 जून तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में रविवार को विकास ने कोरिया के पहलवान को हरा कर भारतीय कुश्ती टीम की झोली में कांस्य पदक डाला। पदक जीतने के साथ ही वह झारखंड का पहला इंटरनेशनल पहलवान बना, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता है। दिल्ली में आयोजित भारतीय कुश्ती टीम के चयन ट्रायल में विकास कच्छप ने 48 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया था और भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान पक्का किया था। विकास कच्छप सीसीएल के कुश्ती कैडेट हैं। झारखंड के पहलवान विकास कच्छप को एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, के रवि कुमार, सुशांत गौरव, भोलानाथ सिंह, रजनीश कुमार, विजय शंकर सिंह ने बधाई दी।





# झारखंड के चार सरकारी और एक निजी विश्वविद्यालय डिफॉल्टर घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने झारखंड के चार सरकारी और एक निजी विश्वविद्यालय पर आंखें तरेरी है। नोटिस जारी कर पूछा है कि अब तक लोकपाल की नियुक्ति क्यों नहीं हुई। सरकारी विद्यालयों में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय, कोल्हान यूनिवर्सिटी और रांची विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया गया है। वहीं निजी विश्वविद्यालय में दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय को यूजीसी ने नोटिस जारी किया है। इससे पहले आयोग ने 2023 के यूजीसी नियमों के अनुसार लोकपाल की नियुक्ति अनिवार्य कर दी थी। 17 जनवरी को उन विश्वविद्यालयों की एक सूची प्रकाशित की गयी थी, जिन्होंने इन नियमों का अनुपालन नहीं किया था। इन विश्वविद्यालयों को उनके गैर अनुपालन के बारे में आगाह करते हुए लोकपाल नियुक्त करने के लिए कहा गया था। यूजीसी ने नोटिस जारी कर उन विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी, जिन्होंने छात्रों की शिकायतों का निवारण विनियम 2023 के अनुसार लोकपाल नियुक्त नहीं किया था। इन संस्थानों में लोकपाल नियुक्त करने को कहा गया था। इसके बावजूद जिन उच्च संस्थानों में लोकपाल की नियुक्ति नहीं की , उन्हें डिफॉल्टर की सूची में शामिल कर दिया गया।




### जारी है नशा मुक्ति का महा अभियान

रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को एलइडी प्रचार वाहनों द्वारा वीडियो के माध्यम से मादक पदार्थों के दुरुपयोग के संबंध में जागरूकता अभियान रविवार को भी जारी रहा। झारखण्ड सरकार नशा मुक्ति को लेकर कृत संकल्पित है और जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चला कर युवाओं को जागरूक किया जा रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# सीएम के निर्देश पर पेसा नियमावली को मजबूती देने की कवायद तेज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पेसा नियमावली 2022 को लागू करने में अभी कई पेंच बाकी हैं। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के द्वारा इसके प्रारूप की समीक्षा के बाद इसमें और सुधार की जरूरत बतायी गयी है। ऐसे में पंचायती राज विभाग अब इसे और सशक्त बनाने की दिशा में नये सिरे से कार्रवाई में जुटा है। चंपाई सोरेन ने 13 जून को इसके प्रारूप की समीक्षा की थी। इसे और अधिक आदिवासी हित में बनाने का दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिया है। संविधान के अनुरूप आदिवासियों को और अधिक शक्ति देकर सशक्त किया जायेगा।

## दूसरे राज्यों की नियमावली का भी अध्ययन

पेसा नियमावली को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अन्य पड़ोसी राज्यों की नियमावली का नये सिरे से अध्ययन किया जायेगा। नये सिरे से इसमें संशोधन किया जायेगा। आम लोगों से राय भी मांगी जायेगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पेसा नियमावली को लागू करना सरकार की प्राथमिकता बतायी है।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल की नयी कमेटी ने ली शपथ

# मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा : शैलेश अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के चार्टर प्रेजेंटेशन सह इंस्टॉलेशन सेरेमनी का आयोजन स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल जैन, राजीव लोचन और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभ्रा मजुमदार, इंडक्शन ऑफिसर आशीष नेमानी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि कमल जैन ने इस साल के डिस्ट्रिक के लक्ष्यों पर चर्चा की। नयी टीम को बधाई दी। राजीव लोचन ने अपने संबोधन में व्यक्तियों और मानवता की सेवा करने जोर दिया। कोविड महामारी के दौरान लायंस क्लब के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान इंडक्शन ऑफिसर आशीष नेमानी ने नये सदस्यों को लायनिज्म की शपथ दिलाकर उनको इस क्लब में शामिल किया। क्लब ग्लोबल के नये सत्र के लिए प्रेसिडेंट शैलेश अग्रवाल, सचिव अमित शर्मा, ट्रेजरर मनोज कुमार मिश्रा, वीपी संतोष अग्रवाल और सोनल अग्रवाल चयनित किये गये।



नये सत्र के प्रेसिडेंट शैलेश अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब पूरे विश्व में सामाजिक प्रगति का पर्याय बना हुआ है। चाहे स्वास्थ्य क्षेत्र की बात हो या फिर शिक्षा या गरीबों के बीच जाकर काम करने की, क्लब इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम सभी चार्टर एक टीम के रूप में कार्यरत रहेंगे। हमारा फोकस स्वास्थ्य, पर्यावरण जागरूकता, भोजन, स्किल डेवलपमेंट, एजुकेशन इत्यादि क्षेत्रों पर होगा और इन क्षेत्रों पर हमारी टीम काम करेगी। क्लब के सचिव अमित शर्मा ने कहा कि सामाजिक कार्यों में संस्था हमेशा से अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। समाज के निचले तबके के लोगों को भी मुख्य धरा में लाने के लिए समय समय पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर भी संस्था का मुख्य फोकस रहता है।

लायंस क्लब ऑफ रांची फेमिना की एक्सटेंशन चेयरपर्सन पूनम आनंद ने कहा कि लायंस क्लब विश्व की सबसे बडी संस्था है, जो असहायों और वंचितों की सेवा निःस्वार्थ भाव से कर रही है।

इस अवसर पर गायडिंग किशोर मंत्री, जोनल चेयरपर्सन प्रमोद श्रीवास्तव, मोनिका गोयनका, अल्तमस आलम, आदित्य कुमार, पियूष कुमार, अभिषेक सिन्हा, अरूप नंदी, देवनंदन उरांव, खुशबू अग्रवाल, अनिता शर्मा, तनुश्री पात्रा, देवब्रती नंदी, निकिता जालान, प्रीति कुमारी, सोनल प्रिया, पलक अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, कुणाल जालान, आयुर्षी सहाय, रंजन डिक्रूज, नेहा शीतल उपस्थित थे।

# सीसीएल के नॉर्थ कर्णपुरा क्षेत्र में रक्तदान शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के तहत सीसीएल के एनके क्षेत्र में रविवार को सिविल सोसायटी डकरा और एनके क्षेत्र के संयुक्त प्रयास से केंद्रीय अस्पताल डकरा में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा ने रक्तदान करके आम जनों को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित इस रक्तदान शिविर में लगभग 150 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में एनके क्षेत्र की तरफ से महाप्रबंधक सुजीत कुमार के साथ अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## अस्थाई कर्मियों को भविष्य निधि के दायरे में लाने का निर्णय स्वागत योग्य: प्रकाश विप्लव

**रांची (आजाद सिपाही)।** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि राज्य सरकार का अस्थाई कर्मियों को भविष्य निधि के दायरे में लाने का निर्णय स्वागत योग्य है। उन्होंने रविवार को कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और अन्य सरकारी निकायों में संविदा, आकस्मिक, दैनिक वेतन और आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से काम करने वाले कामगारों को भविष्य निधि के दायरे में लाने का फैसला किया है। प्रकाश विप्लव ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों में जहां 20 से अधिक कर्मी काम करते हैं, उन्हें पीएफ के दायरे में लाने का प्रावधान है, लेकिन सरकार की इच्छाशक्ति की कमी और श्रम विभाग की उदासीनता के कारण कामगार भविष्य निधि की सुरक्षा छतरी के दायरे से बाहर हैं।

वाणिज्य कर विभाग में कर्मियों का टोटा, खजाने पर असर

## 199 पद खाली, राजस्व में 23.95 प्रतिशत की गिरावट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के वाणिज्य कर विभाग का कैडर मैनेजमेंट चरमरा गया है। इसका असर सरकारी खजाने पर पड़ रहा है। विभाग में 443 स्वीकृत पद हैं, लेकिन केवल 244 अफसर और कर्मी ही कार्यरत हैं। यानी 199 पद रिक्त पड़े हैं। वित्त सेवा के अधिकारियों में विशेष सचिव के पांच और अपर आयुक्त के 19 पद स्वीकृत हैं, लेकिन सभी पद खाली हैं। इसके नीचे के 177 पद प्रोन्नति नहीं होने की वजह से रिक्त हैं। पिछले साल के मुकाबले चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वाणिज्य कर विभाग के राजस्व में 23.95 प्रतिशत की गिरावट आयी है। चालू वित्तीय वर्ष में राजस्व के रूप में 26 हजार करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित है। इसके एवज में जून के तीसरे सप्ताह तक वाणिज्य कर विभाग ने सिर्फ 4088.28 करोड़ रुपये की वसूली की है। यह वार्षिक लक्ष्य का सिर्फ 15.72 प्रतिशत है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में वाणिज्य कर विभाग ने 1755.02 करोड़ रुपये की वसूली की थी। **लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली :** जीएसटी से भी लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जीएसटी से 14 हजार करोड़ टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया था। इसके एवज में 1248.77 करोड़ रुपये की ही वसूली हुई। परिणामस्वरूप वाणिज्य कर विभाग लक्ष्य से 1518.23 करोड़ पीछे रह गया। वहीं नॉन जीएसटी से 10 हजार करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली का लक्ष्य रखा गया था। इसके एवज में 8427.92 करोड़ रुपये की ही वसूली हो पायी।

# औरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक का उद्घाटन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** औरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक ने विशेष उद्घाटन ऑफर के साथ रांची में अशोक नगर में नयी शाखा शुरू की है। अब रांची में त्वचा देखभाल और सौंदर्य उपचार के शिखर का अनुभव करने के लिए तैयार हो जाइये। औरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक ने रविवार को अपनी नयी शाखा के उद्घाटन की घोषणा की है। अपनी अत्याधुनिक तकनीक और असाधारण रोगी देखभाल के लिए जाने वाला, औरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक अशोक नगर, रांची के केंद्र में अपनी प्रसिद्ध सेवाएं लाने के लिए तैयार है, जो रांची और झारखंड निवासियों को अद्वितीय त्वचा देखभाल समाधान प्रदान करेगा। एक दशक से अधिक के अनुभव वाले प्रतिष्ठित त्वचा विशेषज्ञ डॉ. आदित्य शाह के विशेषत्र नेतृत्व में क्लिनिक उत्कृष्टता का वही स्तर लाने का वादा करता है। डॉ आदित्य शाह ने कहा हम रांची में औरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक लाने और निवासियों को अपनी अत्याधुनिक सेर्वाए प्रदान करने के लिए अति उत्साहित हैं। डॉ. अकिता आनंद के कुशल नेतृत्व में रांची औरा लेजर एवं कॉस्मेटिक क्लिनिक में रोगियों का उपचार किया जायेगा। अंकिता आनंद ने जानकारी दी कि रांची शाखा में उन्नत त्वचा देखभाल उपचारों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान की जायेगी। अकिता आनंद ने जानकारी दी कि 'औरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक में मेडफिशियल, रासयनिक छीलन, अत्याधुनिक लेजर से अनचाहे बाल कम करना, दाग-धब्बे कम करना, डॉ अंकिता ने जानकरी दी कि रांची में पहली बार औरा क्लिनिक में क्रायोलिपोलिसिस' तकनीक लायी गयी है।

डॉ धीरज जायसवाल जो औरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक रांची शाखा के प्रबंध निदेशक हैं, ने जानकारी दी कि क्लिनिक में उपयोग होने वाले सभी उपकरण 'बीगल लेनर' ने उपलब्ध कराया है। डॉ जायसवाल जो खुद 'बीगल लेजर' कम्पनी के कंट्री हेड है, ने जानकारी दी कि अब रांची और झारखंड के चिकित्सक विशेष रूप से टक्या चिकित्सक बीगल लेजर' के उपकरण को आसानी से रांची से ही खरीद सकते हैं।

शाखा विशेष उद्घाटन ऑफर लेजर हेयर रिमूवल 40% की छूट, हाइड्राशाइन थेरेपी की विशेष दर, नोवा ग्लो फेशियल की विशेष दर और क्रामोलाइयोलागसीस पर 30% की छूट है। डॉ धीरज जायसवाल ने जानकारी दी कि औरा लेजर एंड कास्मेटिक क्लिनिक फ्रेंचाइजी के माध्यम से रांची के जमेशदपुर और अन्य प्रांतों में क्लिनिक की स्थापना की जायेगी।

# सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करेगा पासवा: आलोक दुबे

बीस हजार से अधिक विद्यार्थियों को खेलगांव में किया जायेगा सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के रांची प्रदेश कार्यलय में पासवा के राष्ट्रीय सह प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में आगामी 2 जुलाई को आयोजित होने वाले सम्मान समारोह की समीक्षा की गयी। राज्य का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हरवंश टानाभगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव में होगा। इसमें मैट्रिक तथा इंटर में 70 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 20 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। इसमें वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, खेलकूद मंत्री हफीजुल हसन सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने बताया कि इस भव्य आयोजन की तैयारी के लिए स्टेडियम में अतिथियों और बच्चों की बैठने की व्यवस्था, साउंड सिस्टम, बैनर, पोस्टर की व्यवस्था, ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन काउंटर और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी के लिए समीक्षा की गयी। इसमें फलक फातिमा समेत अन्य मौजूद थे।

## राजधानी में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की धूम



**रांची (आजाद सिपाही)।** पर्यटन खेलकूद निदेशालय एवं जिला प्रशासन रांची के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस स्थानीय बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी मैदान में मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि साझा के संयुक्त सचिव सह उपनिदेशक राज किशोर खाखा, पूर्व ओलंपियन हॉकी खेल के मनोहर टोपनो, उपनिदेशक खेल कूद मनीष कुमार, अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक विनोद कुमार सिंह और डीपीआरओ ऋतुराज ने किया। खिलाड़ियों नेशानदार प्रदर्शन और पिरामिड का निर्माण कर सभी दर्शकों को अचंभित कर दिया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि इस भारतीय पारंपरिक खेल को झारखंड के सभी जिलों में विकास करने की जरूरत है। योग शिक्षिका पूनम प्रसाद के नेतृत्व में संत कबीर प्रेम धाम अनाथालय आश्रम ठाकुरगांव की बालिकाओं ने शानदार योग प्रदर्शन और पिरामिड का निर्माण कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं संतोषी साहू के नेतृत्व में स्कूल ऑफ योगा के छात्र-छात्राओं ने म्यूजिक के माध्यम से शानदार योग का प्रदर्शन किया।

# लाइट हाउस धुर्वा आवासीय कल्याण समिति का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लाइट हाउस धुर्वा रांची में लाइट हाउस आवासीय कल्याण समिति का गठन किया गया। समिति की रविवार को हुई बैठक में आवास की मरम्मत, लाइटहाउस की परेशानी पर चर्चा की गयी। समिति के अध्यक्ष सुदर्शन लाल ने कहा कि इसका उद्देश्य कालोनी में रहने वालों के बीच कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव व राष्ट्रीय एकता कायम करना है। समिति द्वारा केवल उन समस्याओं का निपटारा किया जा सकता है, जो सभी कालोनीवासियों से संबंधित हों और जो उनके जीवन स्तर को संवर्धित करें।

## समिति में ये हैं शामिल

लाइटहाउस आवासीय कल्याण समिति धुर्वा के संरक्षक आशुतोष कुमार सिंह, अध्यक्ष सुदर्शन लाल, उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, उपाध्यक्ष इंदु देवी, उपसचिव कुणाल किशोर वर्मा, संयुक्त सचिव विपिन कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष कुसुमलता देवी, रामचंद्र वर्मा, उप कोषाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी नसीम अख्तर को बनाया गया है।

# वनवासी कल्याण केंद्र का कार्यालय खुला

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** वनवासी कल्याण केंद्र के प्रदेश कार्यालय सह बहुउद्देशीय नवनिर्मित भवन का उद्घाटन चिन्मय मिशन आश्रम के स्वामी परिपूर्णानंद सरस्वती ने किया। यह कार्यालय वृंदावन कॉलोनी चिरौंदी में खुला है। अध्यक्ष सुखी उरांव ने कहा कि संस्था अभी झारखंड में जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए 14 आयामों के अंतर्गत 935 स्थानों पर 1779 प्रकल्प संचालित कर रहा है। वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि जब हमारा देश आजाद हुआ था, तब मध्य क्षेत्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ला कुनकुरी क्षेत्र में स्वागत कार्यक्रम में गये हुए थे, तो वहां उन्हें देश विरोधी तत्वों द्वारा गोबैक नारों का सामना करना पड़ा। ऐसे समय में ठक्कर बापा की प्रेरणा से वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक बालासाहब देशपांडे को उस क्षेत्र में काम करने के लिए भेजा गया। देश विरोधी संगठनों के विरोध के बावजूद बालासाहब ने जनजाति समाज के बीच जागरण और सेवा के कार्य करके उस क्षेत्र की दशा बदल दी। महानगर अध्यक्ष सज्जन सर्राफ, आलोक कुमार, सत्येंद्र सिंह, महेश बल्दवा, रमेश अग्रवाल, आरके अग्रवाल, देवकन्या कोठारी, रिझु कच्छप, अतुल जोग, भगवान सहाय समेत अन्य मौजूद थे।

### 25 और 26 जून को रांची से संताल तक होगी झमाझम बारिश

# इस बार झारखंड में जम कर बरसेंगे बादल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लंबे समय तक भीषण गर्मी झेलने के बाद मानसून पूर्व की झमाझम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। झारखंड में 25 और 26 जून को संताल के साथ राजधानी रांची और आसपास के इलाके में भी भारी बारिश होगी। 24 जून को राज्य के कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 25 जून को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि 26 जून को संताल के साथ-साथ राजधानी और आसपास वाले इलाकों में भी कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट किया गया है। अभी मानसून संताल परगना वाले इलाके में ही सक्रिय है। अरब सागर से आने वाली मानसून की हवा कोल्हान के करीब पहुंच गयी है। अगले दो-तीन दिनों में इसका असर दिखेगा। मानसून और कई जिलों में प्री मानसून बारिश के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। पलामू प्रमंडल के कुछ जिलों को छोड़ शेष जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे चला गया है। केवल डालटनगंज का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के आसपास रिकार्ड किया गया। वहीं, सिमडेगा में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। कोलेबिरा में 80 मिमी के आसपास बारिश हुई। तेनुघाट में 55 और गिरिडीह में भी 50 मिमी के आसपास बारिश हुई। पिछले 25 घंटे में राजधानी के टाटीसिलवे में भी अच्छी बारिश हुई। बारिश और बादल छाये रहने के कारण राजधानी का अधिकतम तापमान 33 डिग्री के आसपास रहा।

## नालियों की सफाई का निर्देश

**रांची।** नगर विकास विभाग बारिश में होनेवाले जल जमाव को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री के सचिव सह नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने सभी शहरी निकायों को जल जमाव रोकने की योजना बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने नाले-नालियों की सफाई कराते हुए जलजमाव की समस्या की रोकथाम के उपाय करने के लिए योजना बना कर काम करने का निर्देश दिया है। नगर विकास सचिव ने निकायों को जलजमाव से निपटने के लिए नालियों की सफाई करने का भी निर्देश दिया है।

## वज्रपात से ऐसे करें बचाव

- किसी भी बाहरी गतिविधि को शुरू करने से पहले मौसम का पूर्वानुमान देखें। आंधी और बिजली गिरने की स्थिति में 30 मिनट तक घर के अंदर ही रहें।
- जब गड़गड़ाहट हो, तो आश्रय लें और सुरक्षित स्थान या इमारत के अंदर रहें। धातु की संरचनाओं और धातु की चादरों वाले निर्माण से बचें। सुरक्षित आश्रयों में घर, कार्यालय, शॉपिंग सेंटर और हार्ड टॉप वाहन बंद खिड़कियों के साथ शामिल हैं।
- पहाड़ियों या टीलों, पर्वत या चोटियों और लकीरों जैसे ऊंचे क्षेत्रों से तुरंत उतर जायें। किसी खुले क्षेत्र में फंसने की स्थिति में जल्दी से बाहर निकलें और पास के सुरक्षित स्थान पर शरण लें।
- तालाबों-झीलों और अन्य जल निकायों से तुरंत बाहर निकलें और दूर रहें।
- टेलीफोन, बिजली, धातु की बाड़, ओवरहेड तार जैसी सभी उपयोगिता लाइनों और विद्युत का संचालन करने वाली वस्तुओं से दूर रहें। पेड़ों और पहाड़ियों से दूर रहें।

# सायरन बजते ही फरार अपराधी




रांची में एटीएम कार्ड स्ट्रिप को बदलने का प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपराधियों ने एटीएम के कार्ड स्ट्रिप को बदलने का प्रयास किया। यह घटना रविवार को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज चौक के पास हुई। जहां अपराधियों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम में कार्ड स्ट्रिप बदलने का प्रयास किया। इसी दौरान एटीएम रूम में लगे सायरन अचानक बजने लगे। इसी दौरान अपराधी मौके से फरार हो गया। इसके कुछ देर के बाद ही मौके पर पुलिस पहुंची और जांच करने लगी। जांच के दौरान पाया गया कि मशीन के कार्ड स्ट्रिप को बदलने की कोशिश की गयी थी। इसके कारण सायरन बजने लगा था। हालांकि जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। सायरन बजने के बाद बैंक के मैनेजर ने तुरंत सुखदेवनगर पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस की टीम भी तुरंत एटीएम तक पहुंची। हालांकि तब तक वहां से स्ट्रिप बदलने वाला गायब हो चुका था। अगर सायरन नहीं बजता तो जो भी एटीएम से पैसे निकालने आता। उसके पैसे एटीएम में फंस जाते और वो पैसे गायब कर दिये जाते। जांच में किसी तरह की निकासी किये जाने का मामला सामने नहीं आया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 जून, 2024
www.azadsipahi.in



# जहरीली शराब से उजड़ रहे परिवार

शराब एक ऐसी बुराई है, जिस पर रोक लगायी जानी चाहिए, परंतु हमारी सरकारों ने इस ओर से आंखें मूंद रखी हैं। इसका कारण यह है कि हमारे शासक इसकी बिक्री से होने वाली भारी-भरकम आय को खोना नहीं चाहते, क्योंकि सरकारें इसी के सहारे ही चलती हैं। आज देश में शराब का सेवन लगातार बढ़ रहा है और अब तो समाज विरोधी तत्वों द्वारा नकली जहरीली शराब भी बनायी जाने लगी है, जिसके इस्तेमाल से होने वाली मौतों के कारण बड़ी संख्या में महिलाओं के सुहाग उजड़ रहे हैं और बच्चे अनाथ हो रहे हैं। 18 जून को छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के कोटमेर गांव में जहरीली शराब पीने से एक महिला सहित 3 लोगों की मौत हो गयी। 18 जून को ही तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में पैकेट और सैशे के रूप में खरीदी जहरीली शराब पीने के कुछ ही समय बाद बड़ी संख्या में लोगों को दस्त, उल्टी आने, पेट दर्द और आंखों में जलन की शिकायत शुरू हो गयी और फिर उनकी तबीयत बिगड़ती चली गयी। 20 जून के आते-आते जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 47 तक पहुंच गयी, जबकि 100 से अधिक लोग अभी भी अस्पतालों में पड़े हैं, जिनमें से 30 की हालत गंभीर है। इस मामले में 49 वर्षीय अवैध शराब विक्रेता कन्नुकुट्टी सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कन्नुकुट्टी के पास से जब्त की गयी 200 लिटर अवैध शराब की जांच में सामने आया कि उसमें घातक मेथेनाल मौजूद था। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी राज्य के विल्लूपुरम तथा चेंगलपट्टू जिलों में अवैध शराब पीने से 22 लोगों की मौत हो गयी थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस मामले की जांच के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का निर्देश देने के अलावा जिले के एसपी को बर्खास्त तथा जिला कलेक्टर का तबादला कर दिया है। शराब के ऐसे दुष्प्रभावों को देखते हुए ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पराधीनता के युग में यह घोषणा की थी कि यदि भारत का शासन आधे घंटे के लिए भी उनके हाथ में आ जाए तो वह शराब की सभी डिस्टिलरियों और दुकानों को बिना मुआवजा दिये ही बंद कर देंगे। यही नहीं, गांधीजी ने महिलाओं को भी स्वाधीनता आंदोलन से जोड़ा और देश के कोने-कोने में महिलाओं ने छोटे दूध पीते बच्चों तक को गोद में लेकर शराबबंदी की मांग के साथ-साथ विदेशी कपड़ों की होली जलाई और अनेक महिलाओं ने 2-2, 3-3 वर्ष की कैद भी काटी थी। उक्त दुखद घटनाओं से स्पष्ट है कि शराब किस कदर तबाही लाती है। अतः इसके सेवन पर अंकुश लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाने और दोषियों को कठोरतम दंड देने की जरूरत है ताकि परिवार न उजड़ें।

**आज देश में शराब का सेवन लगातार बढ़ रहा है और अब तो समाज विरोधी तत्वों द्वारा नकली जहरीली शराब भी बनायी जाने लगी है, जिसके इस्तेमाल से होने वाली मौतों के कारण बड़ी संख्या में महिलाओं के सुहाग उजड़ रहे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुनिया को भारत की तरह शक्तिशाली देश की जरूरत है। भारत अपनी समझदारी, रणनीतिक स्वतंत्रता और स्वतंत्र विदेश नीति के जरिए दुनिया में अहम भूमिका निभा रहा है। शीत युद्ध खत्म होने के बाद दुनिया में जो सहमति बनी थी, वह रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्राइल-गाजा संघर्ष से टूट गयी है। इस वजह से बहुपक्षीय और छोटे-छोटे समूहों के बीच बैठकों और शिखर सम्मेलनों पर जोर दिया जा रहा है, ताकि दुनिया में शांति, बातचीत और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके।**

# भारत को जी7 से चाहिए मॉडर्न टेक्नोलॉजी

अमिताभ सिंह

जी7 सात देशों का एक खास क्लब है, जो 70 के दशक में बना। पहले छह देश एक साथ आये थे, ताकि तेल संकट से पैदा हुए मुश्किलों का सामना कर सकें। बाद में कनाडा इस ग्रुप में शामिल हो गया। फिर इसे जी7, यानी औद्योगिक देशों का समूह कहा जाने लगा। 1997 में रूस इस ग्रुप का सदस्य बना, जिससे यह जी8 बन गया, लेकिन 2014 में यूक्रेन के इलाके क्राइमिया पर रूस ने कब्जा कर लिया, जिसके बाद उसे ग्रुप से निकाल दिया गया।

**भारत की भूमिका**

दुनिया को भारत की तरह शक्तिशाली देश की जरूरत है। भारत अपनी समझदारी, रणनीतिक स्वतंत्रता और स्वतंत्र विदेश नीति के जरिए दुनिया में अहम भूमिका निभा रहा है। शीत युद्ध खत्म होने के बाद दुनिया में जो सहमति बनी थी, वह रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्राइल-गाजा संघर्ष से टूट गयी है। इस वजह से बहुपक्षीय और छोटे-छोटे समूहों के बीच बैठकों और शिखर सम्मेलनों पर जोर दिया जा रहा है, ताकि दुनिया में शांति, बातचीत और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

**वैश्विक चेहरा**

भारत जी7 के आउटरीच प्रोग्राम का हिस्सा है और 11 बैठकों में हिस्सा ले चुका है। इनमें से 5 का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। भारत की अर्थव्यवस्था 3.94 ट्रिलियन डॉलर की है, जो कि जी7 के चार देशों, यूनाइटेड किंगडम (यूके), फ्रांस, कनाडा और इटली की अर्थव्यवस्था से बड़ी है। भारत की अमेरिका, यूके, फ्रांस, जापान और जर्मनी के साथ रणनीतिक साझेदारी है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ग्लोबल साउथ का चेहरा बन गया है। इसने जी20 का नेतृत्व भी किया है, जो ग्लोबल साउथ और विकसित देशों का केंद्र है।

**लंबे अरसे से विकासशील देश जी7 की आलोचना अमीर देशों के क्लब के रूप में करते रहे हैं।**




**भारत को जी7 से कुछ लाभ हुए भी हैं। इनमें से एक है, भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (आइएमइइसी)। यह चीन के महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनीशटिव (बीआरआइ) का जवाब है। यह प्रॉजेक्ट शुरुआत में मिडल ईस्ट को यूरोप से जोड़ने के लिए था, लेकिन बाद में इसे भारत तक बढ़ा दिया गया।**

**मजबूत ग्लोबल साउथ**

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने जी7 सम्मेलन से पहले कहा कि ह्यग्लोबल साउथ के साथ बातचीत को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि जी7 अपने आप में बंद किला नहीं है, बल्कि दुनिया के सामने पेश किए जाने वाले मूल्यों का प्रस्ताव है। इस लिहाज से देखें तो भारत आदर्श राष्ट्र है।

भारत ग्लोबल साउथ का एक महत्वपूर्ण देश है और इसकी आवाज दुनिया सुनती है।

भारत पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहता है और इस दिशा में काम कर रहा है।

पश्चिमी देशों को मजबूत और विश्वासपात्र सहयोगी की जरूरत है और भारत इसके लिए पूरी तरह से योग्य है।

लंबे अरसे से विकासशील देश जी7 की आलोचना अमीर देशों के क्लब के रूप में करते रहे हैं। जी7 की बैठकों का विरोध करने वाले वैश्वीकरण और पूंजीवाद-विरोधी कार्यकर्ताओं का सड़कों पर पुलिस के साथ संघर्ष पहले आम बात थी।

**चीन का खतरा**

दूसरा दृष्टिकोण यह भी है कि हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर में चीन के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं, इसलिए जी7 को भारत का साथ चाहिए। इसके अलावा, पड़ोसी देशों और पश्चिम के लिए भी चीन खतरा पैदा कर सकता है। इसलिए भी पश्चिमी देशों को भारत की जरूरत है। एक फिक्र चीन के बढ़ते आर्थिक दबदबे को लेकर भी है, जिसे पश्चिम ओवरप्रॉडक्शन कहता है। पश्चिमी देशों को लगता है कि अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देने के लिए भी चीन विस्तारवाद की नीति पर आगे बढ़ रहा है।

**मिले ठोस लाभ**

ग्लोबल साउथ की लीडरशिप को लेकर विकसित देशों की तरफ से भारत को अभी तक अमूर्त लाभ ही मिल रहे हैं। भारत को इन देशों से ठोस लाभों की भी मांग करनी चाहिए। भारत को कहना चाहिए कि उसे सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस में रिसर्च, महत्वपूर्ण और उन्नत तकनीक और उपभोक्ता वस्तुओं के बड़े पैमाने पर उत्पादन में निवेश की जरूरत है। चीन इसी रास्ते से दुनिया में इतना ताकतवर बना है।

**बुनियादी ढांचा**

भारत को जी7 से कुछ लाभ हुए भी हैं। इनमें से एक है, भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (आइएमइइसी)। यह चीन के महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनीशटिव (बीआरआइ) का जवाब है। यह प्रॉजेक्ट शुरुआत में मिडल ईस्ट को यूरोप से जोड़ने के लिए था, लेकिन बाद में इसे भारत तक बढ़ा दिया गया। यह पीजीआइआइ (पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट) का हिस्सा है, जो बुनियादी ढांचे और परिवहन गलियारों को विकसित करने के लिए प्रमुख परियोजनाओं को विकसित करने का इरादा रखता है।

**साथ की बात**

विदेश नीति के कई जानकार कहते हैं कि भारत को खुल कर पश्चिम का साथ देना चाहिए। मगर भारत को इससे बचना चाहिए। राष्ट्रीय हितों को बढ़ाने से ही भारत का फायदा हो सकता है। उसे पश्चिमी मीडिया और स्थानीय पश्चिमी विशेषज्ञों की इस तरह यह कहने से बचना चाहिए कि वह चीन को रोकने वाली ताकत है। यह बात सही है कि चीन के साथ भारत की अपनी समस्याएं हैं। दोनों देशों के बीच लंबे समय से सीमा विवाद चला आ रहा है। लेकिन इन्हें एक सीमा से ज्यादा बढ़ा-चढ़ा कर पेश नहीं किया जाना चाहिए। हमें जी7 और पश्चिम की उतनी ही जरूरत है जितनी उन्हें हमारी। राष्ट्रीय हित हमेशा सर्वोच्च होना चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

### मुख्यमंत्री ने माझी परगना महाल के 14वें महासम्मेलन में की शिरकत

# आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था सशक्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: चंपाई

**माझी परगना महाल व्यवस्था की मजबूती से आदिवासी समाज आगे बढ़ेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** माझी परगना व्यवस्था जब मजबूत होगा, तभी आदिवासी समाज आगे बढ़ेगा। सरकार इस राज्य की आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला स्थित पावड़ा में माझी परगना महाल के 14वें महासम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों को और अधिकार देने की कार्य योजना बनायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संताल समुदाय झारखंड समेत कई राज्यों के अलावा नेपाल और भूटान जैसे कई देशों में भी प्राचीन काल से निवास करता आ रहा है। ये भले ही अलग-अलग क्षेत्र में रहते हैं, पर उनकी परंपरा और संस्कृति लगभग एक जैसी ही है। लेकिन, आज उनकी समृद्ध परंपरा पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में आदिवासी समुदाय की परंपराए भाषा और कला-संस्कृति के संरक्षण और बढ़ावा के लिए सभी को आगे आना होगा।

**आदिवासियों को एकजुट होना होगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आदिवासी समुदाय को अपने हक। अधिकार के लिए एकजुट होना होगा। आदिवासियों में सामाजिक एकता और चेतना जगाने की जरूरत है, ताकि उनकी सामाजिक-पारंपरिक व्यवस्था से जो खिलवाड़ हो रहा है, उस पर प्रहार किया जा सके।

**आदिवासियों के हित से नहीं होने देंगे कोई खिलवाड़**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी हितों का सरकार पूरा ख्याल रखेगी। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड के लिए सरकार प्रयास जारी रखेगी। इसके साथ वन अधिकार और सीएनटी और एसपीटी एक्ट में वैसे किसी भी तरह के छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, जिससे आदिवासी समुदाय की पारंपरिक व्यवस्था को खतरा पैदा हो। उन्होंने माझी परगना महाल के सम्मेलन में भरोसा दिलाया कि उनकी जो मांगें हैं, उसपर पहले से ही काम प्रारंभ कर दिया गया है। विधायक रामदास सोरेन, समीर मोहंती, संजीव सरदार, बैजू मुर्मू समेत अन्य मौजूद थे।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने नीट यूजी में भ्रष्टाचार के खिलाफ खोला मोर्चा, आक्रोश फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आह्वान पर नीट यूजी में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेसियों ने जमकर विरोध दर्ज कराया। रविवार को साकची गोलचक्कर में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर आक्रोशित कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूककर विरोध में जमकर नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में देश के छात्र व नौजवानों का भविष्य लगातार अंधकार मय होता जा रहा है। नीट यूजी 2024 के परिणाम में हुए संगठित भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी राष्ट्रव्यापी आंदोलन चला रही है। मोदी सरकार में घोटाला व भ्रष्टाचार को लगातार संरक्षण देने का कार्य हो रहा है। हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूर्ण भरोसा है संगठित भ्रष्टाचार में शामिल दोषियों को सलाखों के पीछे ले जाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा भाजपा नीट यूजी के परिणाम में ऐसी शीतलता दिखाई अब देश मे छात्रों का विश्वास उठता जा रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने नही देगी।उनके भविष्य के लिए आंदोलन लगातार जारी रखेगी। मौके पर कांग्रेसियों में आक्रोश देखने को मिला। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, अवधेश सिंह, लखबीर सिंह, पीसी स्वामी, निखिल तिवारी, सचिन कुमार सिंह, प्रभाकर उपाध्याय सहित सैकड़ो कांग्रेसी शामिल रहे।

# विधायक सरयू राय ने बाल धनुर्धर तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

**विधायक निधि से चार तीरंदाजी किट कराए उपलब्ध,9 से 14 साल के बच्चों को मिलेगा प्रशिक्षण,अनुपम सिंह बने चीफ कोच**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा क्रीड़ा उद्यान मे विधायक निधि से बने बाल धर्नुधर तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने फीता काटकर उद्घाटन किया। रविवार को उद्घाटन के बाद विधायक श्री राय ने तीर-धनुष पर अपना हाथ आजमाते हुए टारगेट को हिट करने की कोशिश की। साथ ही विधायक ने मौके पर मौजुत छोटे बड़े तीरंदाजों का हौसला बढ़ाया। मौके पर प्रशिक्षण केंद्र के चीफ कोच अनुपम सिंह ने बताया केंद्र का उद्देश्य है 9 से 14 साल के बच्चों को तीरंदाजी की बेसिक शिक्षा देना। केंद्र में बच्चों को नियमित प्रशिक्षण के साथ ट्रायल भी होगा। फिलहाल विधायक निधि से चार तीरंदाजी किट खरीदे गये। जरूरत पड़ने पर और किट खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा फीस अभी तय नहीं हुआ जो भी बच्चे सीखना चाहते उन्हें पंजीकरण करवाने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व ओलंपियन हरभजन सिंह, तीरंदाज सुखराज कौर, डी. काव्या, प्रज्ञा कुमारी, तेजस कुमार, राहुल कर्मकार, समीर लोहार, अलंकृता सिंह, राजवीर सिंह, अर्जुन सिंह, आयुष कुमार, आयुष सोनवर, अमन कुमार, कोच प्रयागराज सिंह, सुशांतो पात्रो, प्रेमचंद मार्डी, जीतन महतो व तिलक महतो मौजूद रहे।

# चाकुलिया की हर पंचायत में होगा झामुमो महिला मोर्चा का गठन:समीर मोहंती



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** चाकुलिया विधायक कार्यालय में विभिन्न गांवों से आए महिला समूह की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक समीर मोहंती शामिल हुए। इस बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोहंती ने कहा की जल्द ही प्रखंड स्तरीय महिला सम्मेलन की जाएगी. साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करने मुख्यमंत्री ह्यबहन बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत 25 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रतिमाह 1000रू देगी. सरकार इसका लाभ सभी को दिलाने का आश्वासन दिया। बैठक में महिलाओं के विभिन्न समस्या को सुनकर विधायक ने निष्पादन किया। कहा की प्रखंड के हर पंचायत में महिला मोर्चा का गठन किया जायेगा ताकि महिलाओं को उनका हक और अधिकार मिले और सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर राणा मल्लिक,पुलक रंजन महापात्र,मिथुन कर, रूमा चक्रवती, दांगी हांसदा, शीतल सोरेन, मोनिका मांडी, प्रियंका सोरेन, सरस्वती मुर्मू, रूपाली कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# जमशेदपुर में पुराने विवाद में युवक को मारी गोली, दो युवक हिरासत में



**जमशेदपुर।** जिले के जुगसलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत बलदेव बस्ती निवासी करण सिंह (19) को पुराने विवाद में एक युवक ने रविवार सुबह गोली मार दी। गोली करण के सिर में लगी। इसके बाद वारदात में शामिल युवकों ने ही करण को टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) के आईसीयू में भर्ती कराया। करण की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि बलदेव बस्ती स्थित घर के बाहर बलदेव पानी भर रहा था। इसी दौरान छाया नगर के दो युवक बाईक से आए और उससे कहा कि बलदेव बस्ती के ही प्रह्लाद के घर चलना है। प्रह्लाद के घर जाने के बाद किसी पुराने विवाद की वजह से युवकों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक युवक ने हथियार निकालकर करण के सिर में गोली मार दी। सूचना है कि घटना के बाद गोली मारने वाले वारदात में शामिल युवकों ने ही करण को जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल पहुंचाया और सभी वहां से फरार हो गये।

घटना की सूचना मिलने के बाद करण की मां और आस-पड़ोस के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। यहां उन्हें मालूम हुआ कि युवकों के बीच मारपीट हुई और बाद में गोली चली। इसके बाद सभी लोग टीएमएच पहुंचे। फायरिंग की सूचना मिलने पर जुगसलाई थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। आसपास और परिवार के लोगों ने बताया कि करण पीएनएम मॉल में काम करता है। वह अपनी मां के साथ जुगसलाई बलदेव बस्ती में रहता है।

# सड़क में कोई टूट-फूट नहीं, फिर भी 22 करोड़ रुपये से हो रही है मरम्मत

**रूपये बंदरबांट के लिए चिनियां से खूथूआ मोड़ तक सड़क की हो रही हैं मरम्मतिः सत्येंद्रनाथ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने चिनियां-खूथूआ मोड़ सड़क मरम्मति के कार्य पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने रविवार को चिनियां में आयोजित सड़क के अवलोकन के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि छह साल पहले ही उन्होंने अपने कार्यकाल में 33 किमी लंबे इस सड़क का निर्माण एक अरब रूपये की लागत से कराया था। इस सड़क की गुणवत्ता सही होने के कारण आज भी यह सड़क पूरी तरह से दुरूस्त है और इसमें कहीं भी किसी प्रकार की टूट-फूट आदि नहीं है। इसके बावजूद मंत्री मिथिलेश ठाकुर और उनके भाई की मिलीभगत से 22 करोड़ रूपये की लागत से इस सड़क की मरम्मति की जा रही है। मरम्मति के नाम पर पतला लेयर बिछाकर करोड़ो रूपये लूटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सड़क की मरम्मति विशुद्ध रूप से रूपये के बंदरबांट के लिए ही किया जा रहा है। इससे सरकार को 22 करोड़ रुपए की राशि का चूना लग रहा है। जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने के लिये व्यर्थ की योजना में लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क बनाने के बजाय इस राशि से ग्रामीणों के लिए पेयजल की व्यवस्था करा देनी चाहिए थी। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण पानी समस्या को झेल रहे हैं। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इस राशि से प्रत्येक गांव में कम से कम 10-10 चापाकल लगाया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री, पथ निर्माण विभाग के सचिव और जिला प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। झामुमो इस भारी गड़बड़ी व भ्रष्टाचार के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर कारवाई करे। यदि उपरोक्त लोग इस मामले की जांच कर कार्रवाई नहीं करते हैं, तो यह माना जायेगा कि सड़क मरम्मती के नाम पर हो रहे इस लूट के खेल में उनकी भी संलिप्तता है। उन्होंने कहा की 22 करोड़ रुपये के इस लूट की उच्चस्तरीय जांच के लिए वह सीएम चंपई सोरेन को भी पत्र लिख कर जानकारी देंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि इसी सड़क के तरह कई ऐसी योजनाएं है, जो अभी ठीक हालत में है। सिर्फ राशि के बंदरबाट के लिए ऐसा कारनामे किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा की यह पूरी तरह से प्राक्कलन घोटाला है। इस सड़क के मरम्मतीकरण का प्राक्कलन तैयार करने में संलिप्त अभियंताओं पर भी कार्रवाई जरूरी है।

# अलखनाथ पांडेय ने शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय केबिनेट मंत्री और झारखण्ड विधानसभा चुनाव के नवनियुक्त प्रभारी शिवराज सिंह चौहान का धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि झारखण्ड आगमन पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पाण्डेय ने पुष्प गुक्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

अलखनाथ पांडेय ने बताया कि चुनाव प्रबंधन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विशेषज्ञ माना जाता है। 20 साल से अधिक के विरोधी लहर के बाद भी उन्होंने मध्य प्रदेश में चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत दिलाए थे। उन्होंने कहा कि शांत वह सौम्या छवि वाले आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी को बुथ स्तर तक कार्यकताओं को जोड़ने में माहिर माना जाता है। शिवराज सिंह चौहान को झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाए जाने पर झारखंड भारतीय जनता पार्टी को बहुत ज्यादा लाभ मिलने वाला है।

### अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ की बैठक

# दिया समस्याओं से निजात का आश्वासन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह और थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने रविवार को रंका थाना में वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक किया और जनता की ओर से आये समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रंका बाजार में अतिक्रमण से जाम होने के सवाल पर एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने कहा कि इसके लिए एसडीओ से मिलकर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जायेगा। दुकानदार नाली के अंदर दुकान लगाएं ताकि जाम से निजात मिल सके। यदि दुकानदार नहीं मानें तो दण्डनात्मक कार्यवाई की जायेगी। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि यहा की मूल समस्या सड़क पर वाहन लगा और 18 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के द्वारा बिना हेलमेट के वाहन चलाते भी देखा जा रहा है। इस पर अंकुश लगाया जायेगा। पुलिस बल बाजार में तैनात रहेंगे।

### शहर में जिज्ञासा कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

# बच्चों को अच्छी शिक्षा देना कोचिंग का मुख्य उद्देश्य : अंकित और सौरव सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के अहिपुरवा मोड स्थित साधना पैथोलॉजी पतंजलि आरोग्य केंद्र के मकान में जिज्ञासा इंस्टीट्यूट नामक एक कोचिंग सेंटर रविवार को खोला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव सह जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कमलेश्वर पांडेय ने कहा कि जिज्ञासा शिक्षण संस्थान खुलने से बच्चों की अच्छी शिक्षा मिलेगी। श्री बंशीधर नगर जैसे छोटे शहर में इस तरह का संस्थान खुलने से गरीब बच्चों को शिक्षा हासिल करने के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

जिज्ञासा इंस्टीट्यूट कोचिंग सेंटर के संचालक अंकित कुमार और सौरव सिंह ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में बच्चों के बेहतरी शिक्षा के लिए जहां ट्यूशन सेंटरों में अलग-अलग विषयों के लिए अभिभावकों को हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं अब एजुकेशन पॉइंट में एक छत के नीचे बच्चों को संपूर्ण विषय की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि अब इस संस्था के खुल जाने से गरीब और मेधावी बच्चे आसानी से बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इसका एक शाखा राजधानी रांची के प्रसिद्ध हरिओम टावर में भी खोला गया है। संस्था में वर्ग सातवां से बारहवीं के छात्रों का एक माह का डेमो क्लास भी शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा देना ही कोचिंग के प्रारंभ करने की मुख्य उद्देश्य है।

बताते चले की इस संस्थान में विश्व में प्रसिद्ध हिंदू विश्वविद्यालय बनारस से उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जा रहा है। उद्घाटन समारोह से पूर्व राजा पहाड़ी शिव मंदिर के मुख्य पुजारी रामचंद्र पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया गया।

मौके पर राजेश्वर प्रसाद, प्रहलाद कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह, युवा समाजसेवी सूरज प्रताप देव, रिशु तिवारी, अभय कुमार शर्मा, अजीत कुमार शर्मा, सूरज जायसवाल, रोहित कुमार, विशाल कुमार, पलक कुमारी, नेहा कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रिया रानी, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

## सांप के डंसने से महिला की मौत



**केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के आदिवासी बहुल टोला मायर निवासी सूर्यनाथ सिंह के 42 वर्षीय पत्नी ललिता देवी को शनिवार की देर रात सांप काटने से मृत्यु हो गयी। परिजन झाड़ फूंक करवाने कोन के रामगढ़ ले गये। जब स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ, तो रावटसगंज के लोढ़ी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन पूरे शरीर में विष फैलने के कारण अस्पताल में ही मृत्यु हो गयी। अचानक मृत्यु की घटना गांव में फैलते ही कोहराम मच गया। सुबह अपने घर शव पहुंचते ही परिजन चीत्कार मार कर रोने लगे माहौल पूरा गमगीन हो गया। मृत्यु की सूचना पाते ही आसपास के गांव के लोग उपस्थित होकर परिजनों को सांत्वना देते हुए ढाढस बढ़ाया। मृतक के दो पुत्र हैं।**

# जायंट्स ग्रुप ने श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा स्थानीय चौधराना बाजार स्थित शनि मंदिर में सैंकड़ो श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली अध्यक्ष रंजना जायसवाल की अध्यक्षता में हुये इस आयोजन में जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी, पूर्व यूनिट डायरेक्टर सह जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी सीमा केशरी, जायंट्स गढ़वा के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, सहेली ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष माला केशरी, सुनीता केशरी और निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थी। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि जरुरत मंदो के लिए खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण काफी पुण्य का कार्य है। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली ऐसे हरेक अवसर पर जरूरत मंदो की सेवा के लिए सदैव तप्पर रहती है। प्रसाद वितरण रश्मि कमलापुरी के द्वारा प्रायोजित किया गया जिसके लिये उपस्थित सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त किया। आज के इस कार्यक्रम में उपरोक्त पदाधिकारियों के साथ जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की उपाध्यक्ष संध्या केशरी, सहेली सदस्य बिमला केशरी, रीना केशरी, करुणा केशरी के अलावे केशरी, बिनय, विजय ठाकुर आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में रविवार को जिला संगठन के निर्देशानुसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे, सिताराम तिवारी, राजेंद्र पांडेय, विनोद प्रसाद, रामलखन प्रसाद, भरत मेहता, कृष्णा सिंह, अमरेश चंद्र, भोला मेहता, रामलखन, महामंत्री शशि रंजन दुबे सहित कई कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

## प्रखंड कार्यालय में कर्मियों ने बुझायी बंदरों की प्यास



**खरौंधी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मे आये दिन भीषण गर्मी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रखंड के विभिन्न गांव में नदी तालाब और डैम सहित चापाकल सूखने से पेयजल संकट हो गया है। जिसमें की ग्रामीण और राहगिर, पशु पक्षी और जंगली जानवरों को पानी के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रखंड का एक ताजा मामला प्रकाश में आया है, जहां पर जंगली जानवर प्यास बुझाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तथा घरों में प्रवेश कर जा रहे हैं। वहीं प्यास बुझाने के लिए दर्जनों बंदर प्यास बुझाने के लिए प्रखंड कार्यालय पहुंच गये। वहीं कार्यालय में मौजूद मनरेगा बीपीओ कमलेश पासवान सहित अन्य प्रखंड कर्मियों ने बंदरों की प्यास बुझाई इस संबंध में बीपीओ कमलेश पासवान ने बताया कि आये दिन प्रखंड में अधिक तापमान बढ़ जाने से भीषण गर्मी की वजह से सभी जीवों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन बंदर प्यास बुझाने के लिए प्रखंड कार्यालय आते हैं। जिसमें कि हम सभी प्रखंड कर्मी मिलकर बंदर की प्यास बुझाते हैं। मौके पर आशा नंदन राम, मनीष कुमार, साहित्य अन्य कर्मी उपस्थित थे।**

# नये थाना प्रभारी के रूप में अरुण रवानी ने लिया पदभार



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** केतार थाना में शुक्रवार को नये थाना प्रभारी के रूप में अरूण कुमार रवानी ने अपना योगदान दिया। इसके पुर्व में वे मेराल थाना में पदस्थापित थे।

नये थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा पुलिस और पब्लिक के बीच की दुरी को कम करना है।

# प्रखंड पदाधिकारियों के आगे न तो राज्य सरकार का निर्देश काम आया और न ही डीडीसी का

**वेंडरों के खाते में भुगतान कर दिया गया बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों का 50000 रुपये की राशि**



आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड में ना तो राज्य सरकार का निर्देश काम आया और न ही जिले के उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा का। मामले में प्रखंड पदाधिकारीयों का जो मन किया वहीं उनके द्वारा किया गया। इतना ही नहीं लाभुकों का हो हंगामा के साथ-साथ प्रखंड 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष की मांग भी उनके आगे पूरी तरह बेअसर रह गया। बिरसा सिंचाई कूप योजना के 24 लाभुकों की राशि उनके खाता के बजाय प्रखंड के वेंडरों के खातों में हस्तांतरित कर दिया गया। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में शनिवार को आयोजित पंचायत समिति की बैठक में बीडीसी अरविंद पासवान के सवालों के बाद मामले का खुलासा हुआ। उनके द्वारा अपने संबोधन में बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि 50000 रुपये को सीधे उनके खाते में हस्तांतरित करने की मुद्दा को प्रमुखता से उठाया गया था। उन्हीं के सवालों का उत्तर के दौरान बीडीओ जागो महतो के द्वारा बताया गया कि यह संभव नहीं है।

प्रखंड के 24 बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि भिन्न-भिन्न वेंडरों के खातों में हस्तांतरित हो चुका है। इस पर अरविंद ने कहा की जिले के उपविकाश आयुक्त के द्वारा भी लाभुकों के 50000 रुपये की राशि उनके खातों में ही हस्तांतरित करने की बात कही गयी थी। यह समाचार पत्रों में पढ़ने के दौरान हम लोगों को मिला था। उसके अलावा बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों का चयन से लेकर उसका कार्यान्वयन को लेकर शुरूआती दौर में राज्य सरकार के द्वारा जो नियमावली बनायी गयी थी, उसमें भी लाभुकों को कुदाल, तगाड़ी, बेलचा, रस्सी इत्यादि सामग्रियों की खरीदारी के लिए 50000 रुपये की राशि उन्ही के खातों में ही हस्तांतरित करने जिक्र किया गया था। उन्होंने कहा कि पता नहीं की पदाधिकारीयों के द्वारा कैसे लाभुकों के खाता के बजाय दूसरे के खातों में राशि हस्तांतरित कर दिया गया है। वहीं राशि भुगतान में भी पदाधिकारियों के द्वारा पंचायती राज नियमावली की बखूबी धज्जियां उड़ाने का काम किया गया है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की बैठक आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** झारखंड मुक्ती मोर्चा की एक बैठक प्रखंड मुख्यालय के बंका रोड स्थित स्व विमला ठाकुर स्मृति भवन में जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान की उपस्थिति में प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद की अध्यक्षा में हुई। जिसमें प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, जिला सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय कमिटी सदस्य सरीफ अंसारी, जिला उपाध्यक्ष विकास सिंह कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि हेमंत कुमार सिंह के साथ प्रखंड और पंचायत कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य बुथ स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए अभी से प्रखंड और पंचायत स्तर के तीनो विंग के पदाधिकारी को कमर कस कर तैयार रहने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही पंचायत कमिटी को पद यात्रा निकालने तथा हर घर पर पार्टी का झंडा लगाने के लिए बताया गया। बैठक में उपस्थित सभी पंचायत अध्यक्षों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, प्रखंड सचिव राजेश कुमार बैठा, प्रखंड सह सचिव जगजीवन राम, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, प्रखंड कोषाध्यक्ष बिनोद प्रसाद, व्यवसायिक संघ के जिला उपाध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्षा अराधना सिंह, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा, अभिषेक मेहता, जैनेंद्र सिंह, अनुज जयसवाल, मुन्ना सिंह, विवेक सिंह, अशोक राम शहीद कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## झामुमो रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष की पहल पर मंत्री ने एंबुलेंस मुहैया करायी

**रंका (आजाद सिपाही)। रंका निवासी रोहित गुप्ता की लड़की के मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल होने पर रांची रिम्स में ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर झामुमो रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के पहल पर झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री गढवा विधायक मिथिलेश ठाकुर के द्वारा डेड बॉडी को लाने के लिए एंबुलेंस मुहैया कराया गया है। ज्ञात हो कि लड़की के माथा में गहरी चोट लगने से गढ़वा सदर अस्पताल से बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स में भेजा गया था। वहां प्रणव दा के द्वारा काफी सहयोग किया गया लेकिन लड़की नहीं बच पायी।**

# परिवार और समाज के विकास लिए हमें नशापान का त्याग करना पड़ेगा : राजू कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तपकारा थाना की पुलिस द्वारा रविवार को लोहाजीमी गांव में नशापान और डायन बिसाही के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर बैठक में लोगों को नशापान, अफीम की खेती से होनेवाले दुष्परिणाम, डायन बिसाही कुप्रथा, यातायात नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के संबंध में उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तपकारा के थाना प्रभारी राजू कुमार ने कहा कि नशा से न सिर्फ एक व्यक्ति का जीवन बर्बाद होता है, बल्कि पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज के विकास के लिए हमें नशापान का त्याग करना पड़ेगा और अफीम जैसे जहर की खेती को छोड़ना पड़ेगा। डायन बिसाही की चर्चा करते हुए राजू कुमार ने कहा कि डायन कुछ होती नहीं है। यह सिर्फ अंधविश्वास के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी को डायन कहकर प्रताड़ित करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। मौके पर कई पंचायत की मुखिया पुष्पा गुड़िया और अर्था गुड़िया ने ग्रामीणों से अपील की कि वे डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास से दूर रहें और बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। मौके पर कई सामाजिक कार्यकर्ता और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोबाइल टावर से बैटरी टपाने के तीन आरोपित गिरफ्तार, चोरी की बैटरी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कर्रा थाना की पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को पकड़कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में धुर्वा थाना(रांची) के मौसीबाड़ी निवासी आनंद साव, धुर्वा थाना के ही मियां टोली निवासी संतोष उरांव और हुलहुंडू निवासी प्रदीप मिंज शामिल हैं। उनके पास से मोबाइल टावर से चुराई गई तीन बैटरी और एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस द्वारा रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि शनिवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कर्रा थाना कांड संख्या 57/24 के अभियुक्त खूंटी बाजार टांड़ की ओर घूम रहे हैं और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं, त्वरित कार्रवाई करने पर उन्हें पकड़ा जा सकता है। वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए छापामारी दल का गठन किया गया और सशस्त्र बल के साथ शनिवार को दिन के लगभग 11 खूंटी-तमाड़ रोड के गोल चक्कर पास से संतोष उरांव और आनंद कुमार साव को मोबाइल के साथ पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर संतोष उरांव और प्रदीप मिंज को भी उनके घर से गिरफ्तार किया गया। खूंटी जिले के विभिन्न मोबाइल टावरों से इन लोगों द्वारा टपाई गयी सफेद रंग की की तीन बीआरएल बैटरी बरामद की गई। गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में कर्रा के थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार, कर्रा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक जुगेश सिंह, तकनीती शाखा, रिजर्व गार्ड के आरक्षी गौतम कुमार, आरक्षी प्रवीण कुमार, आरक्षी रघु बड़ाईक, आरक्षी अनिल कुल्लू आरक्षी कन्हैया कुमार और आरक्षी पंचम खलखो शामिल थे।

# पिपरवार में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** भाजपा पिपरवार मंडल द्वारा पिपरवार के सभी बुथो पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत माता के सपूत और स्वतंत्रता सेनानी अखण्ड भारत के स्वप्नकर्ता जिनका आज 81वी बलिदान दिवस हैं। एक देश में एक प्रधान एक विधान और एक निशान इस मुद्दे को लेकर के 23 जून 1953 को भारत को अखंडता को लेकर के बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ था और 1950 मे भारत अपना संविधान लागू किया। संविधान लागू होने के बाद कांग्रेस की सरकार ने संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने काम किया था। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,प्रमुख रीना कुमारी, माधुरी देवी, अरुण उरॉव, राजू करमाली, राघवेंद्र कुमार, श्रीवास्तव उरॉव, अमित गुप्ता, विनोद मिंज, राजपाल टाना भगत, राज भोगता, ललिता कुमारी, सोनम कुमारी, संजना कुमारी, अंश उरॉव, अंतराज उरॉव, अर्णव कुमार मिश्रा, अमित कुमार शर्मा, अर्पित उरॉव, सोनिया कुमारी, गुनगुन कुमारी, बबिता कुमारी, जुगेश भोक्ता, भोला पासवान, विकास कुमार,आकाश भगत, आशिष गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, मुकेश महतो, गोलू सोनी, विजय महतो, किरण देवी, लीला देवी, बसंती देवी, लक्ष्मी देवी, दिपक कुमार महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नशे के विरुद्ध अभियान को जन-जन तक पहुंचायें: कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में आम जनों के बीच नशापान के विरुद्ध संदेश देने के लिए, एनसीबी रांची जोन के बैनर तले रॉयल किंग्स मोटरसाइकिल क्लब और रांची पुलिस द्वारा एनसीबी के सहयोग से रविवार को जुबली पार्क जमशेदपुर से एनसीबी जोनल कार्यालय रांची और रांची से 94 बटालियन सीआरपीएफ कैंप खूंटी तक बाइक रैली निकाली गयी। इस अवसर पर कमांडेंट विनोद कुमार, एनसीबी के सहायक निदेशक राणा प्रताप यादव और अधीक्षक एस शारिक उमर ने राइडर्स को संबोधित करते हुए नशापान के विरुद्ध अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर कमांडेंट 94 बटालियन विनोद कुमार द्वारा उपस्थित सभी राइडर्स के साथ ही एनसीबी और सीआरपीएफ पदाधिकारियों को नशापान के विरुद्ध शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर एनसीबी के सभी पदाधिकारी और 94 बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान मौजूद थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका धर्मेंद्र प्रधान का पुतला

# अविलंब इस्तीफा दें केंद्रीय शिक्षा मंत्री : रवि मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** नीट परीक्षा में भारी अनियमितता के कारण लाखों विद्यार्थियों की जिंदगी से खिलवाड़ करने के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय भगत सिंह चौक में रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला जलाया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार एवं शिक्षा मंत्री के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गयी। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि ऐसे पाखंडियों को उच्च पद देना देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। ऐसे अक्षम शिक्षा मंत्री को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर वे इस्तीफा नहीं देते है, तो प्रधानमंत्री को पहल करनी चाहिए, लेकिन प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि यह निकम्मी सरकार यह नहीं चाहती कि देश पढ़-लिख कर आगे बढ़े। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णा चौधरी, सुशील सांगा, गोपाल भगत, जयसिंह नाग, पौलुस पूर्ति, जेम्स टोपनो, पीटर मुंडू, विल्सन तोपनो, फुलचंद टूटी, शांता खाखा, हेलेन होरो, मगरीता खेस, सुषमा भेंगरा, किशुन हस्सा, सुसारी होरो, तौफीक खां, अविनाश टूटी, वाहिद खां, शहबाज खां, विल्सन होरो, हेरमन सोय, एडवर्ड हंस, अनमोल होरो, विजय कुमार स्वांसी, इंदु अन्ना हस्सा, अनिता नाग, सुंदरमनी हंस, सुसारी होरो, विजय मिश्रा, राजेश महतो आदि मौजूद थे।

# एक वृक्ष मां के नाम किया पौधरोपण



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और भाजपा संगठन के प्रणेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि रविवार को भाजपा के जिला कार्यालय जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर एक वृक्ष मां के नाम पौधारोपण अभियान के तहत जिला कार्यालय में फलदार वृक्ष लगाकर खूंटी जिले में अभियान का शुभारंभ किया गया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कैलाश राम, जिला महामंत्री बिनोद नाग, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, महावीर राम, आईटी संयोजक गुलाब महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष रंदाय नाग आदि उपस्थित थे।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गयी श्रद्धांजलि



खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा तोरपा मंडल द्वारा रविवार को हिल चौक में भारती जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, संतोष जयसवाल, नीरज जायसवाल, शिवनारायण शाहदेव, सुबोध कुमार जयसवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर बचरा में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान मे रविवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चतरा जिला ओलंपिक संघ के द्वारा आयोजित इस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पिपरवार कोयलांचल सहित आसपास के बालक और बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में गोला फेक, चक्का फेक,100 मीटर,200 मीटर,400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ का इवेंट कराया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में काजल मेडिकल हॉल के निर्देशक अजय कुमार रजक मौजुद थे। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियों मे बालक वर्ग मे 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रतीक कुमार,द्वितीय स्थान साहिल कुमार एवं तृतीय स्थान अमन कुमार, 600 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सोनी कुमारी, द्वितीय स्थान दीपिका कुमारी एवं तृतीय स्थान संगीता कुमारी, बालक वर्ग गोला फेक में प्रथम स्थान अमन कुमार,द्वितीय स्थान सोनू कुमार एवं तृतीय स्थान प्रतीक कुमार, बालिका वर्ग में गोला फेक मे प्रथम स्थान बेबी कुमारी द्वितीय स्थान तानिया कुमारी एवं तृतीय स्थान संगीता कुमारी रही।

# अरुण सांगा बने युवा कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज ने खूंटी निवासी अरूण सांगा को युवा कांग्रेस का खूंटी जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके पूर्व अरूण सांगा जनवरी 2023 से अब तक कार्यकारी जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे। युवा कांग्रेस के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में युवा कांग्रेस द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि युवा कांग्रेस के प्रति निष्ठा और लगातार सक्रियता को देखते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी इशिता सेढ़ा की सहमति से अरूण सांगा को खूंटी जिला युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और सक्रियता साथ करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में काम करेंगे और राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्ण अल्लावरू, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी के हाथों को मजबूतत करेंगे। अरूण सांगा को जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव वेद प्रकाश मिश्रा शिबलू खान, बाहा मुंडा दशरथ पहान एंजेला हंस, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष ऋतुराज झा आदि ने हर्ष व्यक्त किया और गरूण सांगा को बधाई दी है।

# प्रकृति उपासक सरना धर्म मानते हैं और भगवान सिंङबोंगा की अरजी-गोवारी करते हैं : बगराय मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** सरना धर्म सोतोः समिति के तत्वावधान में तपकरा के गुटुहातू में रविवार को सरना धर्म प्रार्थना सभा सह झंडा बदली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में गुटुहातू के पाहन जयराम गुड़िया और लुथडू मुंडा की अगुवाई में सरना स्थल में विधिवत पूजा-पाठ किया गया और सिङबोंगा से सुख, शांति व खुशहाली की कामना की गयी। इस अवसर पर धर्मगुरु बगराय ओड़ेया ने कहा कि हम प्रकृति उपासक सरना धर्म मानते हैं और भगवान सिंङबोंगा की अरजी, गोवारी करते हैं। इससे मानव जीवन में आध्यात्मिक शांति मिलती है और मानव जीवन में चेतना आती है। धर्म अगुआ जीतू पाहन ने कहा कि सरना धर्म विश्व का सबसे पुराना धर्म है। जरूरत है इसे बचाने की। धर्मगुरु सोमा कंडीर ने कहा कि भगवान सिङबोंगा आंखों से दिखाई नही देते, क्योंकि हम प्रकृति को ही भगवान के रूप में महसूस करते हैं और उसे स्वीकारते हैं। हमारे पुरखों ने भी प्रकृति को ही आधार मानकर जीवन में अमल किया है। इसलिए हमें भी पुरखों से प्रेरणा लेकर सरना धर्म पर विश्वास रखना चाहिए। कार्यक्रम में तोरपा, रनिया, खूंटी, मुरहू और कमडारा प्रखंड के सरना धर्मावलबियों ने हिस्सा लिया। मौके पर डॉ मथुरा कंडीर, बिरसा कंडीर, जयराम पहान, दुलारी बारला, सुनील गुड़िया, जीतू पहान, डॉ जमुना मुंडू, सुशीला कंडुलना, सुभासिनी पूर्ति, हेरांबी गुड़िया, रमन गुड़िया, विजय गुड़िया आदि उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया




तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के नुरीडीह में तमाड़ भाजपाईयों के द्वारा डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रद्धेय मुखर्जी के चित्र के समक्ष अगरबत्ती जलाकर तथा पुष्प श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। 6 जूलाई 1901 को कोलकाता में जन्मे डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षा विद, राजनीतिज्ञ प्रखर राष्ट्रवादी विचार धारा से ओतप्रोत और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उनका कहना था कि एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं होना चाहिए। और इसीलिए काश्मीर में अलग कानून अलग धारा 370 के सख्त विरोधी थे। काश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। 1953 में डाक्टर मुखर्जी काश्मीर मसले को लेकर श्रीनगर गये थे लेकिन 23 जून 1953 को रहस्यमय तरीके से उनकी मृत्यु हो जाती है। जहां बलिदान हुए मुखर्जी वह काश्मीर हमारा है। देश वासियों के लिये सुखद अनुभूति होनी चाहिये कि डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काश्मीर से धारा 370 धारा को हटाकर ये साबित कर दिया कि काश्मीर हमारा है, हमारा था और हमारा रहेगा। उपरोक्त बांते जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कार्यकताओं को बताया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, महामंत्री विवेक गुप्ता, सुरेन्द्र साहु, दिनेश साहु,सुवंश गिरि, गोविन्द सिंह मुंडा, राहुल गिरि, अंगद महतो, शिवेश्वर अहीर, सुखदेव अहीर, गणेश मुण्डा सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## तमाड़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक



बुंडू (आजाद सिपाही)। ताऊ मैदान बुंडू में जेबीकेएसएस/जेएलकेएम पार्टी तमाड़ विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई आगामी 6 जुलाई को बदलाव संकल्प सभा ताऊ मैदान बुण्डू में आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मदन महतो एवं संचालन भगीरथ सिंह मुंडा ने की। इस सभा के मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो के अलावे केंद्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो, संजय मेहता, क्रांतिकारी रिजवान अख्तर, अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के अलावे कई दिग्गज पदाधिकारी सभा को संबंधित करेंगे। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के बाद टाईगर जयराम महतो की पहली दहाड़ तमाड़ विधानसभा के पंचपरगना हाई स्कूल मैदान ताऊ, बुंडू में होगा। इस बैठक में मुख्य रूप से दमयंती मुंडा, देवेन्द्र नाथ महतो, जयराम महतो, रंजीत कुमार महतो, प्रवीण प्रसाद, दिनेश उरांव, दल गोविंद सिंह मुंडा, लीला यादव, प्रेमा यादव, कौशल्या देवी, शंकर महतो, देवी सिंह पहान, दिलीप हजाम, चंदन निषाद, बीरेंद्र महतो, घनश्याम महतो, सुदर्शन महतो, संतोष यादव, करण महतो, विकास गोंझू, काशीनाथ महतो एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्वास्थ्य उपकेंद के दूसरे तल्ले का छज्जा गिरा

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा राहे प्रखंड के कोटांगदाग गांव में 50 लाख की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को भवन का दूसरा तल्ला का ढलाई किया गया था। दोपहर तक ढलाई हुई और शाम तक एक हिस्सा का छज्जा गिर गया।छज्जा गिरने से ग्रामीणों ने अनियमितता करने का आरोप लगाया है। छज्जा गिरने की सूचना पर स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियो ने भी भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संवेदक पर निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया है। इस संबध में निर्माण कार्य को देख रहे कनीय अभियंता राहुल कुमार ने कहा की मिस्त्री के गलती के कारण छत का छज्जा गिरा है। कहीं कोई अनियमितता नही है।

## पिपरवार के कारो चौक में तेज रफ्तार कोल वाहन ने मवेशी को लिया चपेट में




पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो चौक के समीप रविवार की सुबह तेज रफ्तार कोल वाहन ने एक मवेशी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में मवेशी बुरी तरह से जख्मी हो गया। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। जिसके कारण उक्त मार्ग पर ट्रांसपोर्टिंग का कार्य पूरी तरह से बंद हो गया। भुक्तभोगी दीपक महतो ने बताया कि इस मार्ग पर कोल वाहनो का परिचालन काफी तेज गति से होता है, जिसके कारण आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटना होती रहती है।कभी जानवर तो कभी इंसान कोल वाहन की चपेट में आकर मौत की गाल में समा रहे हैं। इसके अलावा कोल वाहनों के परिचालन के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं लोगों में भी डर बना रहता है।इसके अलावा ट्रांसपोर्टिंग होने से लोग धूल गर्द से भी परेशान रहते हैं। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।ग्रामीणों ने कहा की घनी आबादी वाले क्षेत्र से ट्रांसपोर्टिंग का कार्य होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार इसकी शिकायत की गयी, लेकिन कोई पहल नहीं किया गया। इधर सड़क जाम होने के बाद उक्त मार्ग पर कोल वाहनों की लंबी कतार लग गयी।वहीं सूचना पाकर पिपरवार पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक कंपनी और प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के साथ वार्ता की जा रही है।

## महिलाओं ने पिटाई की, न्याय की गुहार

रातू (आजाद सिपाही)। रातू थाना क्षेत्र के नावा सोसो चटकपुर निवासी अनीता देवी पति मनोज राय के साथ एक दर्जन महिलाओं ने मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूपसे जख्मी हो गया। इस मामले में पीड़ित। महिला ने रातू थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। रातू थाना में दिये आवेदन में महिला ने कहा है कि उसके मोहल्ले में महिलाओं की एक कमेटी चलती है। कमेटी से मोहल्ले की ही यशोदा देवी पति मनोज शर्मा ने 40 हजार कर्ज लिया था। जब अनीता देवी कर्ज का पैसा मांगने यशोदा देवी के पास पहुंची, तब विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते यशोदा देवी उसका पति मनोज शर्मा ,इंद्रजीत शर्मा ,चंदन शर्मा ,राघवजी शर्मा ,अमित शर्मा एवं रंजीत पांडे ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुनः रात्रि 10 बजे इन लोगों ने महिला के घर जाकर फिर से मारपीट कर उसे तथा झगड़ा छुड़ाने आये उसके पति को पीट कर घायल कर दिया।

# किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

## आरोपित के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के चटकपुर धनई सोसो की रहने वाली महिला ने अपनी नाबालिक पुत्री से दुष्कर्म करने की आरोप लगाते हुए रातू थाने में एक व्यक्ति के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी को गिरफतार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपी व्यक्ति 27 वर्षीय अखलेश चौहान बिहार के जहानाबाद जिले के मगदूम थाना अंतर्गत सागरपुर


आरोपित को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

गांव का रहने वाला है। वह वर्तमान में चटकपुर में किराये के मकान में रहता था। वह महिला का परिचित था। आरोपी व्यक्ति चालक का काम करता है। महिला का आरोप है कि आरोपी व्यक्ति उसके यहां आना जाना करता था। इसी क्रम में जनवरी 2024 में व्यक्ति ने महिला के पुत्री को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया व घरवालों को इसकी जानकारी देने पर बदनाम करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। लोकलाज व डर की वजह से किशोरी ने अपने घर मे किसी को कुछ नही बताई। परन्तु किशोरी के पेट मे दर्द होने व तबियत खराब होने पर जब महिला ने पुत्री से पूछताछ की तो किशोरी ने अखलेश चौहान के द्वारा जबरदस्ती दुष्कर्म करने का खुलासा किया। घटना के उपरांत किशोरी की मां ने रातु थाने में आरोपी के आईपीसी ई की धारा 376 व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराई है। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी को धर दबोचा व न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# पुरखों के रीति-रिवाज व बिरासत को बचाये रखें नहीं तो मिट जायेगी पहचान: गणेश राम

**बीसा में जनजाति सुरक्षा मंच की हुई डिलिस्टिंग सभा, धर्मांतरित लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं देने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** रांची जिला ग्राम प्रधान संघ के तत्वावधान में रविवार को बीसा पंचायत में जनजाति सुरक्षा मंच की एक डिलिस्टिंग सभा आयोजित हुई। जिसकी अगुवाई ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत के अलावा जिला संयोजक जगरनाथ भगत, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, डॉ अमर कुमार चैधरी, देवनाथ महतो, अजय कुमार महतो, सुषमा बड़ाईक, प्रणय कुमार आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर गणेशराम भगत ने कहा कि जो व्यक्ति इसाई या इस्लाम में परिवर्तित हो जाता है और उस धर्म के अनुसार अपना जीवन व्यतीत करता है, उस व्यक्ति को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में बने रहने का कोई अधिकार नहीं हैं। उन्होनें कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच लोगों की भावनाओं को जगाने का काम कर रही है। आदिकाल में पुरखों से जो रीति-रिवाज और बिरासत मिली है उसे बचाए रखना है। वर्ना उनकी धर्म-संस्कृति और पहचान मिट जाएगी। उन्होंनें डिलिस्टिंग कानून को लागू कराने की मांग को लेकर दिल्ली चलो का आह्वान किया। कहा कि यह बिल पास हो जाने के बाद धर्मांतरित ईसाईयों और मुसलमानों को जनजाति आरक्षण का लाभ मिलना बंद हो जाएगा। उन्होंने आदिवासियों को सनातन हिन्दू धर्म-संस्कृति का एक अंग बताते हुए लाल-सफेद झंडा का त्याग कर अपने घरों में हनुमान जी के झंडे के साथ सफेद झंडा लगाने का आह्वान किया। वहीं, अन्य वक्ताओं नें भी अपने विचार रखे। अध्यक्षता और संचालन ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक और स्वागत सुषमा बड़ाईक ने किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर गणेश राम भगत का स्वागत आदिवासी परंपरा के अनुसार किया गया। सभा में गिरधर मिश्रा, अमित मिश्रा, जगदीश बड़ाईक, उपानंद बड़ाईक, सेवाराम महतो, विनय बड़ाईक, कृष्णा बड़ाईक, कपिल बड़ाईक, छत्रपति बेदिया, मानेश्वर मुण्डा, रंथु भोगता, महेश बेदिया, जयराम बेदिया, सोमरा उरांव, बाबुलाल बड़ाईक, एतवा बेदिया, बनु बेदिया आदि मौजूद थे।

## स्व. आदित्य प्रकाश जालान की पुण्यतिथि पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं सरस्वती विद्या मंदिर कुदलोंग नगड़ी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्व. आदित्य प्रकाश जालान की पुण्यतिथि पर निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रस्तावना संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहित कुमार तिवारी और अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी जी ने कराया। संस्था के सचिव भानु प्रकाश जालान ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के भाव पर सभी को कार्य करना चाहिए। वहीं, वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वस्थ्य दांतों के लिए हमें प्रतिदिन अच्छे से सफाई करनी चाहिए। रात को सोने जाने से पहले हमें अपनी दांतों की सफाई कर लेनी चाहिए। आईरिस सुपरस्पेशलिटि आई केयर सेंटर, रांची की टीम ने बताया कि हमें अपनी आंखों का विशेष ध्यान रखना होगा। समय-समय पर अपने आंखों एवं डायबिटिज की जांच कराते रहना चाहिए। वहीं. निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर में ग्रामीणों के साथ ही कई छात्र-छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर शिविर का लाभ लिया। दंत शिविर में कुल 107 लोगों ने एवं नेत्र शिविर में कुल 115 लोगों ने लाभ उठाया। इस मौके पर आईरिस सुपरस्पेशलिटी आई केयर सेंटर मनीष, उमर फारूख खां, देवायन मुखर्जी, विशाल कुमार, रोशनी, दंत विशेषज्ञ शिविर में डॉ सुचित्रा कुमारी, डॉ कृष्ण कुमार एवं उनकी टीम में ललित केरकेट्टा, संजय कुमार, अमन कुमार, प्रेम प्रभाकर उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ हरीश कुमार पाण्डेय ने किया। मौके पर अमर पोद्यार मोनिका जालान , प्रियंका जालान, अनिता जालान, नमन जालान मनोज जालान आदि थे।

# स्वस्थ शरीर ही हमारा असली जीवन साथी है : डॉ परमेश्वर

**बेड़ो में मनाया गया अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लैक टाइगर ताइक्वांडो क्लब की ओर से रविवार को अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत व समाजसेवी किशोर साहू उपस्थित थे। जहां दोनों ने ब्लैक टाइगर ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों व कोच शशि गोप से मिलकर हौसला बढ़ाया। पूर्व डीडीसी ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही हमारा असली जीवन साथी है। उन्होनें खिलाड़ियों



को स्वस्थ शरीर के महत्व के बारे में बताया। खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने में ओलंपिक दिवस समारोह के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही अपने कैरियर के लिए मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होनें नेशनल खिलाड़ियों और उनके कोच शशि गोप को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं, किशोर साहू ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को मैदान के अंदर और बाहर उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## विजय धान चुने गये आदिवासी 21 पड़ाह समाज नगड़ी के अध्यक्ष

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आदिवासी 21 पड़हा पिस्कानगड़ी की बैठक देवरी स्थित इंद जतरा मैदान में हुई। जिसकी अध्यक्षता आदिवासी नेता बांदे उरांव ने की। बैठक में क्षेत्र के 35 गांव के सैकड़ो आदिवासी ग्रामीण उपस्थित थे। जिसमें समाज की दशा-दिशा और अंधविश्वास को दूर करने सहित सामाजिक धार्मिक और राजनीतिक के रूप में समाज को जागृत करने का सर्वसमिति से निर्णय लिया गया। वहीं, आदीवासी 21 पड़हा पिस्कानगड़ी का पुनर्गठन करते हुए सर्वसमिति से हल्दीगड़ा निवासी विजय धान को अध्यक्ष चुना गया। जबकि कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में देवरी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कच्छप का चयन किया गया। संरक्षक सुरेश उरांव, बांदे उरांव, भीगा उरांव, राजू किस्पोट्टा, सोहराय उरांव, सोमरा मुंडा, गुजा उरांव आदि को चुना गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जंगली हाथी ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रोगो व खिरदा गांव में शनिवार की रात झुंड से बिछड़े एक विशालकाय जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाते हुए दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। मुखिया वीरेंद्र भगत ने बताया कि रोगो गांव में रात करीब 7.45 बजे सहोद्रा मुंडाइन के कच्चे मकान को हाथी ने ध्वस्त कर दिया। जिससे घर में रखे सामान और अनाज बर्बाद हो गये। घटना के समय सहोद्रा मुंडाइन पड़ोसी के घर में बैठी थी। जिससे वह बच गयी। इधर, मकान के क्षतिग्रस्त होने से बरसात में रहने को लेकर महिला काफी चिंतित है। वहीं, खिरदा गांव में रात 12 बजे शांति तिर्की के घर को जंगली हाथी ने ध्वस्त कर दिया। जिस समय घटना घटित हुई घर में ही शांति तिर्की का दामाद दिलीप उरांव और बेटी रोशनी तिर्की सो रहे थे। इस घटना में दोनों बाल-बाल बचे हैं। जंगली हाथी ने मकान ध्वस्त करने के साथ ही कमरे में रखे धान व चावल को खा गया और बर्तन आदि को नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी होने पर नेहालु मुखिया वीरेंद्र भगत व ईंटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा पीड़ित सहोद्रा मुंडाइन व शांति तिर्की के घर पहुंचे। दोनों को आपदा प्रबंधन के तहत प्रखंड प्रशासन से समानों की क्षतिपूर्ति और मकान के मरम्मती के लिए मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# झारखंड कांग्रेस के तीन प्रमुख नेताओं के निलंबन वापसी पर दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता को सम्यक विचारोपरांत तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश उरांव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर आदि नेताओं से मांग की थी कि 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए इन तीनों नेताओं का पूरे प्रदेश में नितांत आवश्यक है। इसलिए उनका निलंबन वापसी किया जाए। इसी कारण आज तीनों नेताओं का निलंबन वापसी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर का आभार प्रकट करते हुए तीनों नेताओं को बधाई दी है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उम्मीद जताई है कि पार्टी के उक्त तीनों वरिष्ठ नेता कांग्रेस की विचारधारा को मानते हुए कार्य करेंगे।

## रातू अलकमर अंजुमन कमेटी का चुनाव संपन्न आजाद अंसारी सदर और समसुल बने सचिव



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के फुटकलटोली पंचायत अंतर्गत अलकमर कॉलोनी में रविवार को अंजुमन कमेटी का त्रिवार्षिक चुनाव शांतिपूर्व तरीके से संपन्न हुआ। अलकमर कॉलोनी के अलकमर एजुकेशन एंड ट्रस्ट के अध्यक्ष व झामुमो नेता कमरुल हक की अध्यक्षता में चुनाव कमेटी की निगरानी में बैलेट पेपर के जरिये मतदान कराया गया। 348 मतदाताओं ने अपने प्रत्याशियों को वोट किया। उम्मीदवार में सदर पद के लिए 2, सेकेट्री 4, खजांची के लिए 2, उप सदर 2, उप सेकेट्री के लिए 2 कुल 12 प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव संपन्न होने के बाद मतों की गिनती के बाद विजय प्रत्याशियो की घोषणा की गई जिसमें सदर पद के उम्मीदवार सज्जाद अंसारी 242 वोट लाते हुए अशरफ शाह को 144 वोटो से मात देकर सदर बने। अशरफ अंसारी को कुल 98 वोट मिले थे। वहीं, 204 वोट पाकर समसुल अंसारी सेकेट्री, 181 वोट पाकर जमसुद्दीन खान खजांची, 218 वोट लेकर मुस्ताक अंसारी उप सदर व 220 वोट लाकर इसहाक अंसारी उप सेकेट्री बने। विजय प्रत्याशियों को कमेटी के लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर कमरुल हक,प्रखंड अंजुमन कमिटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, अजमूल हक, हाजी शरीफ,कोंग्रेस नेता मुजेबुल्लाह अंसारी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी,मुंतजिर खान, अंजुम खान, मुदस्सिर खान ,आलम अंसारी, चुनाव कमेटी के असलम अंसारी, कलाम खान, फैयाज अंसारी, फिरोज शाह और नौशाद शेख आदि उपस्थित थे।

## चतरा में झारखंड विस्थापित मोर्चा टाटीसिलवे की बैठक, लिये गये कई निर्णय

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखण्डा विस्थापित मोर्चा टाटीसिलवे की बैठक रविवार को चतरा पंचायत स्थित मैदान में हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया सोहन मुंडा ने की। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 की धारा 101 में प्रावधान है कि यदि कोई भूमि सरकार या अन्य संस्था द्वारा किसी प्रोजेक्ट के लिए



अधिग्रहित होती है और उस पर पांच वर्षो तक कार्य नहीं होता है तो अधिग्रहित जमीन को मुल रैयत या उनके वंशज को पुनः वापस कर दिया जाए। कहा कि इइएफ फैक्ट्री विगत 35 वर्षो से बंद है। यहां ग्रामीण बेरोजगार हो गए है। सरकार फैक्ट्री को शुरू नहीं कर पा रहीं है तो इनके द्वारा अधिग्रहित सैंकड़ों एकड़ भूमि को मुल रैयत को वापस कर देना चाहिए। ताकि किसान उक्त जमीन पर खेती किसानी करके अपनी जीविका चला सके। बैठक में वर्तमान मुखिया डोली मुंडा, वार्ड सदस्य संजय महली, सुमन महतो, पार्वती देवी, रोहित महतो, बिनोद मुंडा, बासुदेव महतो, गौरीशंकर महतो, रूपेश महतो, संजय महली, धर्मनाथ महतो, सिकंदर लोहरा, बंधन लोहरा, राकेश महतो, बसंत हिन्दवार, मंजु देवी, मीना देवी, लालमनी देवी, सबीता देवी, रेणुका देवी आदि उपस्थित थे। अगली बैठक 30 को होगी।

### सड़क पर आया जंगली हाथी, दहशत में राहगीर



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** जोन्हा-पूरबडीह गोला मुख्य पथ पर सुरसू घाटी के रविवार को एक जंगली हाथी जंगल से निकल कर सड़क पर आ गया। यह देख राहगीरों में अफरातफरी मच गई। संयोग से इस दिन बजार का भी दिन था। इस दिन लोगों का आना जाना अधिक रहता है। सुरसू मुखिया पति श्यामसुंदर बेदिया ने बताया कि इन दिनों क्षेत्र में हाथियों का आतंक काफी बढ गया है। काफी संख्या में हाथी क्षेत्र में प्रवेश कर गये हैं। इसी पंचायत के पुटादाग गांव के पास वाले जंगल में चार से पांच हाथी डेरा जमाये हुए हैं। गांव के लोग डर से सूर्य अस्त होते ही अपने-अपने अपने घरों में दुबक जा रहे हैं।

### पारा शिक्षक महावीर राम का निधन, शोक



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** राज्यकिय मध्य विद्यालय ककरिया के पारा शिक्षक महावीर राम का रविवार को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बिमार चल रहे थे। उसके असायमिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। पारा शिक्षक महावीर राम काफी मिलनसार व हंसमुख प्रवृत्ति के थे। वे अपने पीछे पत्नी, एक बेटा एक बेटी, तीन भाइ-भाभी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उधर, उनके निधन पर पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष लाल दिलीप सिंह, भुवजंय महतो, समीउल्लाह हक, सुजीत कुमार, बुधनाथ उरांव आदि ने शोक व्यक्त किया। वहीं, देर शाम ककरिया स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

## जयपुर गांव अखड़ा में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर हुई ग्राम सभा

# गांव के पहान पिंकल गाड़ी व तानसेन गाड़ी पर ग्रामीणों का भयादोहन करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** प्रखंड के जयपुर गांव में अखड़ा सामुदायिक भवन के समीप ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर रविवार को ग्राम सभा आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता सुरेश उरांव ने की। कहा कि गांव का पहान पिंकल गाड़ी है। पिंकल गाड़ी और तानसेन गाड़ी उर्फ गुल्लू से सभी ग्रामीण परेशान है। यह दोनों ग्रामीणों और अपने रिश्तेदारों का भयादोहन करने में लगे हैं। तानसेन गाड़ी गुल्लू ने गांव के अखड़ा, मसना जाने वाले सरकारी रास्ता पर तीन महीना पहले चहारदिवारी निर्माण कर दिया है। जिससे ग्रामीणों को शव ले जाने और पूजा पाठ करने में काफी कठिनाई हो रही है। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। वहीं, ग्राम सभा में



आये पहान पिंकल गाड़ी के रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि उन लोगों की खेवट संख्या- 14/1 से लेकर खेवट संख्या-14/10 व पुजारी पहनई का लगभग 36.83 एकड़ जमीन जयपुर गांव में है। जिस पर पिंकल गाड़ी ने कब्जा कर लिया है। ना किसी को खेती करने देता है ना किसी को बंटवारा ही देता है। हिस्सेदारी मांगने पर बाहरी लोगों को बुलाकर हमला करवाता है। वहीं, तानसेन गाड़ी उर्फ गुल्लू के खिलाफ इन्हीं के रिश्तेदारों ने बताया कि उन लोगों की 10 एकड़ से भी अधिक जमीन है। जिस पर सभी का बराबर का हिस्सा है। लेकिन तानसेन गाड़ी गुल्लू दबंगई के कारण जबरन कब्जा किए हुए हैं। किसी को ना खेती-बाड़ी करने देता है ना ही किसी को बंटवारा करता है। ग्राम सभा में आये ग्रामीणों ने बताया कि जयपुर गांव के कोटवार द्वारा ढोल पिटवाकर सभी ग्रामीणों को ग्राम सभा में आने के लिए कहा गया था। तानसेन गाड़ी, पिंकल गाड़ी और उनके परिजनों को भी ग्राम सभा में आमंत्रित किया गया था। लेकिन वे दोनों व उनके परिजन ग्राम सभा में नहीं आए। बतातें चलें कि पिंकल गाड़ी और तानसेन गाड़ी दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। आदिवासी होकर भी आदिवासी रिश्तेदारों का शोषण कर रहे हैं। उधर, ग्राम सभा में जानकारी मिली कि गांव के अमन पसंद लोगों ने पूर्व में कांके थाना को भी सूचना दी थी। लेकिन थाना ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम सभा में सरपंच नरेश पहान, सुरेश उरांव, रंजीत उरांव, लालू उरांव, सुनीता देवी, अशोक पहान, सुखदेव टोप्पो, दिलीप गाड़ी, रुदों उराईन, फगन देवी, सोनी उरांव, जॉनी उरांव, मालती टोप्पो, रीता देवी शांति देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा अनगड़ा मंडल की ओर से रविवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत चिलदाग गांव में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने अपने स्वर्गवासी माता चरकी देवी के नाम पर आम का एक पौधा लगाया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हर नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए। मौके पर रामसाय मुण्डा, नरेश साहू, राजेन्द्र महतो, घनेनाथ महतो, वीरसिंह नायक, पुशनाथ मुण्डा, मनीष कु मुण्डा, कन्हैया मुण्डा आदि मौजूद थे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया प्रशस्ति पत्र



**मांडर (आजाद सिपाही)।** रांची के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव 2024 के तहत 66-माण्डर विधानसभा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मनोरंजन कुमार और सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर (निर्वाचन) अब्दुल मन्नान अंसारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## चंपाई सोरेन सरकार में मां-बेटियों की आबरू को लूटा जा रहा : अनुपमा देवी





**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** कुछ दरिंदों द्वारा 19 जून की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कीघटना को अंजाम दिया गया था। इसके विरोध में प्रखड प्रमुख अनुपमा देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने कैंडल मार्च निकाल कर राज्य की वर्तमान चंपाई सोरेन सरकार के खिलाफ ओरमांझी की महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त किया। इसमें भाजपा के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, ओरमांझी पूर्वी जिला परिषद सरिता देवी, भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, मुखिया दीपक बडाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, पंसस ललिता मेहता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहरा, सत्यनारायण तिवारी, दुर्गा साहू, सतीष बडाईक, कुलदीप तिवारी, शशि मेहता, आनंद महतो, पूर्व मुखिया मीना देवी, पूनम गुप्ता, छाया देवी, पूजा देवी, रीता देवी, दीपा चौरसिया, किरण देवी, प्रीति देवी और शुलेखा देवी आदि थी।

**निर्देश :** समाहरणालय सभागार में डीसी सहित अन्य अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# लोगों को मूलभूत सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता है : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल (वीडी) राम ने पलामू जिला समाहरणालय सभागार में केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्य रूप से मेदिनीनगर फेज टू पेयजलापूर्ति योजना, सोन-कोयल- ओरंगा पाइपलाइन सिंचाई योजना, भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत एनएच 75 एवं 98 का फोरलेन सड़क एवं फोरलेन बाईपास निर्माण कार्य शामिल थे। सांसद ने ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की। नल जल योजना के तहत पलामू जिला अंतर्गत विभिन्न जगहों पर खराब पड़े जल मीनार एवं चापानल को चिन्हित कर यथाशीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। कहा कि इस भीषण गर्मी में लोगों को पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने नल जल योजना के तहत अपने प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं मंडल अध्यक्षों से खराब पड़े जलमीनार एवं चापानलों की मंगाई गई विस्तृत सूची को भी सौंपा। विभिन्न योजनाओं की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए सांसद ने पदाधिकारियों को समय पर उसे पूरा करने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 एवं 98 के फोरलेन सड़क के कुछ जगहों पर रुके हुए कार्यों को भी जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा। कुछ स्थानों पर लोगों को मुआवजा मिल गया है और कुछ मुआवजे की राशि बाकी है जिस कारण कार्य बाधित है। उसे अविलंब मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो सके। वहीं अन्य योजनाओं में भी तेजी लाने के लिए संबधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। इस मौके पर डीडीसी रवि आनन्द, मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त, अपर समाहर्ता कुन्दन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



डीसी सहित अन्य पदाधिकारियों से साथ समाहरणालय में समीक्षा बैठक करते सांसद विष्णु दयाल राम।

## हम पेयजल को तरस रहे, यह दुर्भाग्यपूर्णः आशीष

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पानी यात्रा के 12 वें दिन युवाओं की टीम शाहपुर क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचा। पलामू के युवा आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में चल रहे पानी यात्रा में रविवार को पूरे शाहपुर में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान युवाओं की टीम ने पेयजल आपूर्ति व पेयजल समस्या की जानकारी ली। शाहपुर क्षेत्र निवासी श्यामचंद्र शाह ने कहा कि सही मायने में नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल आपूर्ति संकट को लेकर कोई आजतक हमलोगों के बीच नहीं पहुंचा है। हम लोग कोयल नदी के तट पर होने के बावजूद पानी की घोर किल्लत से जूझ रहे है। जिसका किसी तरह निराकरण होना चाहिए। इस अवसर पर आशीष भारद्वाज ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट को दूर करने के लिए वो किसी हद तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी वक्त है की नगर निगम क्षेत्र में इस पर कार्य किया जाए। अन्यथा आने वाले समय में यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेगा। कहा कि हमारा शाहपुर कोयल नदी के तट पर है बावजूद इसके लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। यह पलामू में निवास करने वाले हर पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि के लिए शर्म की बात है। जबतक हमारे लोगों के कंठ को तरावट नहीं मिल जाती हम चैन से नहीं बैठेंगे। हम जानते है ये संघर्ष बड़ा है लेकिन अंजाम तक लेकर जायेंगें। उन्होंने आम जनमानस को भी जलसंरक्षण के लिए पौधारोपण और पनसोखा, सोखता जैसे विषयों पर काम करने की सलाह दी। इस मौके पर नवीन तिवारी, पिंकू तिवारी, साहेब जी नामधारी, शशांक सुमन, विनय ओझा, सत्यजीत प्रसाद उर्फ. डब्ल्यू, प्रेमचंद ठाकुर, छोटू कुमार, मिन्शू जयसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, शशि जयसवाल, शेरू पासवान, अख़्तर हुसैन, जाबिर खान, इसराइल खलीफा, मुन्ना दूबे, सोनू पांडेय, मनीष तिवारी, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, विकास कश्यप, दिलीप गिरी, रणजीत चौधरी, राहुल जयसवाल, रोबिन श्रीवास्तव, ज्ञानेश तिवारी, अविनाश शुक्ला, प्रभात सिंह, सूरज सिंह, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, गोलू कुमार, गोलू दूबे, नवनीत मेहता आदि थे।



## पांकी में होगा परिवर्तन : अब्दुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के लोहरसी रोड हाई स्कूल परिसर में शनिवार को आजसू की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू युवा मोर्चा प्रदेश संयोजक अब्दुल जब्बार भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड बनने के बाद भी सूबे के युवा, मूलवासी, आदिवासी और आमजनों का सपना साकार नहीं हो पाया है। झारखंड अलग राज्य में कई सरकार आई और चली गई लेकिन यहां के युवा, आदिवासी, मूलवासी आज भी बेरोजगारी का दंश झेल रहे है। उन्होंने कहा कि पांकी में परिवर्तन के लिए युवा तैयार है। झारखंड की राजनीति में युवाओं को आगे आना होगा, तभी राज्य का विकास संभव हो सकेगा। जिस किसी भी पार्टी की सरकार बनी झारखंड को लूटने का काम किया। जबकि झारखंड राज्य अलग करने में आजसू का अहम योगदान रहा था। इस दौरान पांकी प्रखंड के सभी पंचायत दस- दस युवाओं को चिन्हित कर पिलर मेंबर के रूप में नियुक्त किया जायेगा। मौके पर गिरेंद्र सिंह, उर्मिला देवी, संजय ठाकुर, डॉ नरेंद्र सिंह, नागेंद्र कुमार, पंचम शर्मा, रोशन सिंह, संदीप यादव, मुकेश रजक, नरेश भुइयां आदि थे।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, लगा 89 हजार का जुर्माना

### मीटर नहीं लगवाने और 5000 से अधिक बकाया राशि वालों पर भी होगी कार्रवाई : प्रदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान नौ लोगों विनय शर्मा, बैजनाथ शर्मा, रामजय शर्मा, राजू साव ,हरिपुजन सिंह, दौलत सिंह, उमेश यादव, सुरेंद्र पासवान व अजीत कुमार को बिजली चोरी करते पाया गया। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। किसी ने भी बिजली का कनेक्शन नहीं लिया था। उन सभी लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। लगे हाथ उन लोगों पर 89 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसकी जानकारी जपला अवर विद्युत प्रमंडल के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। छापामारी अभियान में सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार व रंजीत कुमार भी शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापामारी जारी रहेगी। कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुकतान करने की हिदायत दी है। वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेताते हुए कहा कि किसी भी कार्य दिवस में जपला विद्युत कार्यालय में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

## भाजपाइयों ने किया डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में जिले के कई बूथों पर मनाया। मेदिनीनगर के बूथ संख्या 185 पर हुए कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ भाजपा नेता अभिमन्यु तिवारी ने बताया कि डॉ मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। वे सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं कि धारणा के प्रबल समर्थक थे। इसलिए धर्म के आधार पर वह विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वहीं, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। साथ ही राष्ट्र व समाज सेवा में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रेरणा लेते हुए कार्य करने की जरूरत है। इस मौके पर विजय ठाकुर, ओम प्रकाश पप्पू, श्रवण गुप्ता, रवि गुप्ता और भागलपुरी यादव आदि उपस्थित थे।

## स्व. अनिल चौरसिया के सैकड़ों पुराने समर्थकों ने नाराज होकर छोड़ा विधायक आलोक चौरसिया का साथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया से नाराज होकर पिछले कई दशकों से जुड़े दिवंगत समाजसेवी अनिल चौरसिया के सैकड़ों समर्थकों ने उनका (विधायक) साथ छोड़ दिया है। इस संबंध में अनिल चौरसिया के समर्थकों ने कचहरी में बिहारी साव की अध्यक्षता में रविवार को एक बैठक कर विधायक का साथ छोड़ने का निर्णय लिया। बैठक में समर्थकों ने एक स्वर में कहा कि स्व. अनिल चौरसिया के सभी पुराने कार्यकर्ता जिसमें डाल्टनगंज, सतबरवा, चैनपुर के साथ विगत 10 वर्षों से भेदभाव एवं कार्यकर्ताओं की उपेक्षित किया गया है। डाल्टनगंज विधानसभा की जनता के भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। जो अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कहा गया कि हम सभी कार्यकर्ता आपसी एकजुटता दिखाते हुए सहमति से विधायक आलोक चौरसिया से अलग होने का निर्णय ले रहे हैं। सभी साथियों के सहमति के बाद आगे की राजनीतिक भविष्य के लिए अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर राजकुमार चौरसिया, धर्मेन्द्र चौरसिया, शंभू प्रसाद,राजा गुप्ता, मो आसिफ हुसैन उर्फ गुड्डू, राजेश चन्द्रवंशी, मुद्रिका राम, रामलाल राम,मंजू देवी, जावेद खां, एकराम अंसारी, चंद्रू चंद्रवंशी, विश्वास सिंह, बाबूलाल राम, रेयाजुद्दीन अंसारी, रामदास उरांव आदि थे।



## पीटी उषा ने किया भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन

**गुजरात (एजेंसी)।** गुजरात के गांधीनगर जिले में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में रविवार को भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और प्रसिद्ध धाविका पीटी उषा ने कहा कि यह भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान, नवाचार और प्रदर्शन के केंद्र के रूप में काम करेगा। उन्होंने आरआरयू परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस तरह के केंद्र का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह खेल और ओलंपिक में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि यह केंद्र ज्ञान के भंडार के रूप में काम करेगा, जिसमें ओलंपिक से जुड़े डेटा, प्रशिक्षण पद्धतियों, खेल विज्ञान और खिलाड़ियों के विकास से जुड़ी जानकारी होगी। कहा कि 'हम ज्ञान साझा कर व नवाचार को अपनाकर मजबूत खेल संस्कृति बना सकते हैं।

## पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी में कूट-कूट कर भरा था देश प्रेम : राजेश पांडेय



**कसमार (आजाद सिपाही)।** भाजपा के कसमार कार्यालय में रविवार को प्रखर राष्ट्रवादी भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय ने की। जिसमें उपस्थित लोगों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया। कहा गया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी में देश प्रेम कूट कूट कर भरा था। उनके विचारों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर भाजपा नेता सह बोकारो जिला 20 सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, महामंत्री परमेश्वर नायक, भवानी मुखर्जी, प्रताप सिंह, मध्येंदु शेखर मुखर्जी, अजय पाल, संजय पांडेय, मोहित कुमार आदि थे।

# स्पोर्ट्स



अपने अंतरराष्ट्रीय करियर व विश्वकप के इतिहास में अफगानिस्तान की टीम ने पहली बार आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हरा दिया। अपगानिस्तानी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाये, फिर कंगारुओं को 127 रन पर रोक दिया।

### वर्ल्ड कप 2024 का सबसे बड़ा उलटफेर, 149 रन चेज नहीं कर सके कंगारू

## अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया

**आज भारत से होने वाले मुकाबले में आस्ट्रेलिया को हर हाल में बड़े अंतर से दर्ज करनी होगी जीत**





**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** अफगानिस्तान टीम ने रविवार को इतिहास रच दिया है। राशिद खान की अगुआई वाली अफगानी टीम ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया है। पिछले साल हुए वनडे विश्व कप 2023 में वह जीत की दहलीज तक पहुंचे थे, लेकिन मैक्सवेल ने उनसे जीत छीन ली थी। हालांकि, इस बार अफगानिस्तान ने ऐसी कोई गलती नहीं की और ऑस्ट्रेलिया को किंग्सटाउन के मैदान पर 21 रन से हरा दिया। दोनों टीमों के बीच वनडे में चार और टी-20 में दो मुकाबले खेले गए हैं। वनडे में अफगानिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया से कभी नहीं जीती है, लेकिन टी-20 में दूसरे ही मैच में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी और इतिहास रच दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 148 रन बनाए। रहमनुल्लाह गुरबाज ने 60 रन और इब्राहिम जादरान ने 51 रन की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.2 ओवर में 127 रन पर सिमट गई। गुलबदीन नईब ने चार विकेट लिए। इस मैच में एक वक्त ऑस्ट्रेलिया ने 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। फिर ग्लेन मैक्सवेल ने मार्कस स्टोइनिस के साथ 39 रन की साझेदारी निभाई। नईब को स्टोइनिस को आउट करा कर इस साझेदारी को तोड़ा। यहीं से मैच पलट गया। मैक्सवेल ने जब टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 11वां अर्धशतक लगाया तो 2023 वनडे विश्व कप की याद आ गई, जब मैक्सवेल ने अविश्वसनीय पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान पर जीत दिलाई थी। ऐसा लग रहा था कि फिर ऐसा होगा, लेकिन गुलबदीन ने मैक्सवेल को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मैक्सवेल के अलावा कोई खिलाड़ी 15 का आंकड़ा भी नहीं छू सका। ट्रेविस हेड (0), डेविड वॉर्नर (3), कप्तान मिचेल मार्श (12), मार्कस स्टोइनिस (11), टिम डेविड (2), मैथ्यू वेड (5), पैट कमिंस (3), एश्टन एगर (2) और एडम जैम्पा (9) कुछ खास नहीं कर सके। अफगानिस्तान की इस जीत ने सुपर-8 ग्रुप-1 में सेमीफाइनल में पहुंचने की जंग को रोमांचक कर दिया है। अब ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान दोनों के दो-दो अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया को अपना आखिरी सुपर-8 मैच भारत के खिलाफ और अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। दोनों ही टीमों को जीत की जरूरत होगी। दोनों के हारने पर नेट रन रेट का खेल आएगा।

**अफगानिस्तान की जीत का ऑस्ट्रेलिया पर असर:** अफगानिस्तान की टीम तो जीत के साथ सेमीफाइनल में बरकरार है, लेकिन इस जीत से अब ऑस्ट्रेलिया की स्थिति मुश्किल हो गई हैं। सोमवार को होने वाले भारत और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला अब ऑस्ट्रेलिया के लिए नॉकआउट जैसा हो गया है। मिचेल मार्श की टीम को सेमीफाइनल पहुंचने के लिए अब ये मुकाबला हर हाल में जीतना ही होगा। साथ ही बड़े अंतर से जितना होगा जिससे टीम का नेट रन रेट भी सुधर जाए। टीम अगर यह मैच हारती है तो उसे अफगानिस्तान-बांग्लादेश मैच पर निर्भर रहना होगा

## बजरंग पूनिया दो महीने में दूसरी बार सस्पेंड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (एनएडीए) ने पहलवान बजरंग पूनिया को सस्पेंड करते हुए नोटिस भी भेजा है। बजरंग पूनिया ने मार्च में सोनीपत में हुए नेशनल ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद नाडा ने यह कार्रवाई की है। नोटिस के खिलाफ जवाब देने के लिए बजरंग पूनिया के पास 11 जुलाई तक का समय है। इससे पहले, पांच मई को भी नाडा ने बजरंग पुनिया को सस्पेंड कर दिया था। जब पिछली बार नाडा ने बजरंग को निलंबित किया था, तो उनका निलंबन तीन हफ्ते बाद एंटी डोपिंग डिसिप्लिनरी पैनल ने रद्द कर दिया था, क्योंकि उन्हें नोटिस जारी नहीं किया गया था। अब नाडा ने निलंबन के साथ ही नोटिस भी जारी किया है। 10 मार्च को ओलिपिंक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए हुए एशियन क्वालिफायर्स के नेशनल ट्रायल्स के दौरान बजरंग से सैंपल देने के लिए कहा था।

## बीइइओ ने किया झरगड़ा मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरगड़ा का प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान बीइइओ ने विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए सहायक अध्यापकों की हाजरी काटी। साथ ही कहा कि शिक्षक अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाए, और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करें। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों का मानदेय व वेतन भुगतान पर रोक लगाते हुए उच्चाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। बताया कि विद्यालय का निरीक्षण जारी रहेगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 जून, 2024
www.azadsipahi.in
11

# कोयलांचल की सरकारी शराब दुकानों में परोसी जा रही नकली शराब

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल के विभिन्न इलाकों में स्थित सरकारी शराब की दुकानों में इन दिनों नकली शराब परोसी जा रही है। इसका दावा पुटकी, बोररागढ़, झरिया और धनबाद स्टेशन आदि क्षेत्र में रहने वाले ग्राहक कर रहे हैं। इस बाबत उत्पाद विभाग की ओर से कई बार छापामारी की गई और शराब बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर दी गयी। पर ठोस व कठोर कदम नहीं उठाये जाने के कारण यह अवैध कारोबारी खुलेआम पैर पसार रहा है। अब तक को प्रिंट रेट से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। पर अब नकली शराब भी बेची जा रही है, जो चिंता का विषय है। बतातें चलें कि बिग बाजार, गोल बिल्डिंग के समीप सरकारी शराब दुकानों पर नकली शराब बेची जाने की सूचना पर वहां काम करने वाले दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। साथ ही मनईटाड़ शराब दुकान में नकली शराब बेचने की सूची में शामिल है। इन दोनों दुकानदारों के सुपरवाइजर को जेल तक जाना पड़ा था। बाकी दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों को हटा दिया गया था। लेकिन जैसे ही मामला ठंडा हुआ सब पहले ही तरह ही हो गया। बताते चलें कि आज से पहले भी सरकारी शराब दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने पर गोविंदपुर, बलियापुर रोड पर स्थित शराब दुकान पर घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल चुका है। बिट्टू सिंह नामक व्यक्ति ने प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने पर हंगामा करते हुए अपने कुछ दोस्तों को वहां बुला लिया था। तब बिट्टू ने बताया था कि उसने केन बियर उक्त दुकान से खरीदा थआ, जिस पर प्रिंट रेट के दर से तीन केन बियर की कीमत 420 रुपए होती है। लेकिन दुकानदार से उससे 450 रुपये लिया था। इस पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह खेल यहां पर कई सालों से चल रहा है। इस दुकान पर पहले भी प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने पर हो हंगामा हुआ है। लेकिन अंदर ही अंदर सेटलमेंट कर मामले को रफादफा कर लिया जाता है। इस दुकान पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। विभाग एवं प्रशासन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। गौरतलब हो कि धनबाद में कई दुकानें है जहां प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जा रहे हैं। इसमें झरिया, विनोद बिहारी चौक के पास, भूली, पुटकी, बोररागढ़, झरिया, कतरास मोड़, गोल बिल्डिंग, मनईटाड़,कतरास, जमाडोबा, बाघमारा, सिंदरी, धनबाद पुलिस लाइन, रणधीर वर्मा चौक आदि दुकानें शामिल हैं। हालांकि उत्पाद विभाग को इससे कोई सरोकार ही नहीं है। ना ही मार्शल कंपनी को, जबकि लाखों रुपए प्रतिदिन बिचौलिए एवं शराब दलाल आसानी से अवैध कमाई कर निकाल रहे है। महुदा के भाटडीह ओपी स्थित छत्रुटांड मोड़ के पास संचालित सरकारी शराब दुकान में ग्राहक को एक्सपायरी व एमआरपी से अधिक कीमत पर बियर की बोतल बेचे जाने का मामला भी प्रकाश में आया था। ग्राहक ने जब शराब दुकान के कर्मचारी से बोतल वापस करने व एमआरपी से अधिक कीमत के बारें में पूछा तो दुकान में मौजूद कर्मचारियों ने ग्राहक से गाली-गलौज की थी। इधर, मामले को लेकर महुदा बस्ती निवासी भोलु नाथ धीवर ने भाटडीह ओपी में लिखित शिकायत देकर शराब दुकान के कर्मी अजय राय, मनोज कुमार एवं आनंद राम पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए ओपी प्रभारी को एक शिकायत पत्र दिया था। मामला मीडिया में आने के बाद कुछ छुटभैया नेता व फर्जी पत्रकारों द्वारा एक मोटी रकम पर सेटिंग कर ग्राहक को अनेक प्रकार का प्रलोभन देते पर मामले को दबाने का प्रयास में सभी लग गए। एक बनावटी कहानी रच मामले को दूसरा रंग देने की भी कोशिश की गयी। जबकि ग्राहक द्वारा एक्सपायरी व प्रिंट दर से अधिक कीमत को लेकर हुई झड़प का बनाये गये वीडियो में दुकानदार अपना चेहरा छिपाते दिखा था। मामले के बाद जांच अधिकारी पहुंचे तो स ही लेकिन बिना कोई कार्रवाई किये चले गये। सूत्रों से पता चला कि सरकारी शराब की दुकान में मार्शन कंपनी के कर्मियों द्वारा ग्राहको से दबंगई से लूट-खसोट मचाने की घटना का पोल खुलते ही संबंधित विभाग मैनेज करने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगाने लगा। बतातें चलें कि धनबाद जिला स्थित सभी शराब दुकानों में इन दिनों शराब बिक्री से अवैध कमाई का गोरखधंधा जोरों से चलने लगा है। अधिक कमाई करने की होड़ में दुकानदार खुलेआम एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब की बिक्री करने में लगे हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आजसू के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** तोपचांची झील के लीची बगान में आजसू की स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं-नेताओं ने आजसू के नीति सिद्धांत पर चलने का संकल्प लिया। सर्वप्रथम आजसू के संस्थापक स्वर्गीय निर्मल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारिणी अध्यक्ष हलधर महतो एवं विधानसभा प्रभारी अनूप पांडे मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन सदानंद महतो ने किया। इस अवसर पर हलधर महतो ने झारखंड आंदोलनकारी भवानी महतो एवं दयाल महतो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, अपने संबोधन में सदानंद महतो ने कहा कि आजसू अलग राज्य के आंदोलन में प्रमुख पार्टी रही है। आजसू के कई नेताओं-कार्यकर्ताओ ने इसके लिए बलिदान दिया है, तब राज्य में आज हम खुली सांस ले रहे हैं। हमारे पूर्वजों के संघर्ष की बदौलत अलग झारखंड मिला है। मौके पर रमेश मुनि, विनोद महतो, राजू गोप, प्रमोद महतो, गिरधारी महतो, राजेश दास, महबूब आलम, महेंद्र साव, ओमप्रकाश महतो, विनोद बिहारी महतो, नरेश महतो, गोरचंद महतो, बिंदेश्वरी महतो, किशोर महतो, रिंकू रजक, मनोज मोहाली, निरंजन मंडल, कार्तिक महतो, सुधीर दास, दुर्गा गोप व रमेश जायसवाल आदि थे।

### टायर दुकान में लगी आग, एक लाख के नुकसान का दावा



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** मैथन ओपी क्षेत्र स्थित बाईपास में चेक पोस्ट के समीप रविवार की सुबह पांच बजे टायर की एक दुकान में अचानक आग लग गयी। इस घटना में करीब एक लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि आग लगने की सूचना पाकर सीआईएसएफ के फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गयी और कुछ देर के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया। इससे दुकान में और अधिक नुकसान होने से बचा लियाया। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर बताया जा रहा कि आग बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी।

## मनोबल बढ़ाया: झामुमो की महुदा इकाई की बैठक संपन्न, 12 पंचायतों के कार्यकर्ता हुए शामिल

# लोस चुनाव परिणाम से विचलित ना हों कार्यकर्ता : मथुरा प्रसाद महतो

**पार्टी से नये कार्यकर्ताओं को जोड़नेव सम्मान देने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



झामुमो की महुदा इकाई की बैठक में उपस्थित विधायक मथुरा प्रसाद महतो व अन्य।

**महुदा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महुदा इकाई की बैठक रविवार को महुदा में हुई। जिसकी अध्यक्षता पांच सदस्य अध्यक्ष मंडली दयाल महतो, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार रवानी, प्रखण्ड सचिव रंजित कुमार महतो, धिरेन रवानी शिशुपाल महतो और संचालन आयोजक झामुमो नेता सह अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी ने किया। बैठक में लोकसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा की गई। बैठक में टुंडी विधायक सह आइएनडीआइए गठबंधन के लोस चुनाव के प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम से कार्यकर्ता विचलित ना हों। चुनाव में हार-जीत लगी रहती है। जो स्नेह व प्यार हमें मिला उसे भुला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि वे लोगों के हक और अधिकार के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने टुंडी प्रखंड में एनडीए से झामुमो को बढ़त दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं की सराहना की और आगामी विधानसभा चुनाव में झामुमो की जीत सुनिश्चित करने के लिए तैयारियों में जुट जाने को कहा। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी में नये सदस्यों को जोड़ने एवं उन्हें उचित सम्मान देने की बात कहते हुए सांगठनिक शिष्टाचार बनाये रखने की अपील की। ब्इस दौरान मथुरा महतो को पार्टी कार्यकर्ताओं ने सॉल ओढकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार रवानी, प्रखंड सचिव रंजीत महतो, वरिष्ठ नेता दयाल महतो, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, धीरेन रवानी, शिशूपाल महतो, निर्मल कुमार रवानी, हैदर अंसारी, भूतनाथ राय, मजीद आलम, दुर्जन मांझी, खालिद शेख, कृष्णा महतो, जेपी हाजरा, अब्दूल शेख, लक्ष्मण रवानी आदि उपस्थित थे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आइइएल के समीप झटका मोड़ में गोमिया मंडल भाजपा द्वारा रविवार को मंडल महामंत्री दीपक ठाकुर की अध्यक्षता में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी एक को महान राष्ट्रवादी बताया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने गौहत्या और जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 का विरोध किया था, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था। अब वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को हटा दिया गया है। कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 1 जुलाई, 1901 को कोलकाता में हुआ था। आजादी के बाद जवाहरलाल नेहरू ने अपनी अस्थायी सरकार में उन्हें शामिल किया था, लेकिन उन्होंने 1949 में नेहरू और लियाकत अली खान के बीच हुए दिल्ली समझौते का विरोध करते हुए 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की। मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष मोहन कुमार,गोमिया मंडल युवा भाजपा अध्यक्ष रोहित यादव, दुलाल प्रसाद, ओमकींकर स्वर्णकार, भरत स्वर्णकार, उमेश ठाकुर, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### अवैध बालू कारोबारियों के खिलाफ पुलिस व खनन विभाग की कार्रवाई, तीन गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस और खनन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में कार्रवाई करेत हुए बालू लदे तीन हाइवा, स्कॉट कर रहे दो कार को जब्त करने के साथ ही तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। बतातें चलें कि धनबाद जिले में बालू का अवैध कारोबार जोर शोर से चल रहा है। बालू और कोयले के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए जिले में खनन टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है। जिसका इन माफियाओं को कोई डर नहीं है। शनिवार की देर रात खनन विभाग और पुलिस की विशेष टीम ने छापामारी कर गोबिंदपुर थाना क्षेत्र से बालू लदे तीन हाइवा और स्कॉट कर रही दो कार को जब्त किया है। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बराकर नदी पूर्वी टुंडी के बेजार घाट और निरसा थाना क्षेत्र के पंडरा बेजरा घाट से बालू की तस्करी की जा रही है। इसे लेकर डीएसपी शंकर कामती ने गोबिंदपुर थाना में रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया की गोबिंदपुर के बरवा-दलदली रोड हेरिटेज स्कूल के समीप बालू लदे तीन हाइवा को जब्त किया गया। साथ ही स्कॉट कर रहे कार सवार कमरूजमा को भी गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा दो हाइवा चालक अब्दुल अंसारी और समीम अंसारी को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक हाइवा चालक फरार हो गया। सभी पर मामला दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। साथ ही संलिप्त लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर गोबिंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद उपस्थित थे।

### नीट पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नीट पेपर लीक के खिलाफ धनबाद कांग्रेस ने रविवार को जुलूस निकालकर रणधीर वर्मा चौक पर प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया। इसका नेतृत्व धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह व शमशेर आलम आ कर रहे थे। पुतला दहन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने नीट के निदेशक पर हुई कार्रवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट की प्रशंसा की। उन्होंने इस घटना को शैक्षणिक जगत का एक बड़ा घोटाला करार दिया। कहा कि ऐसा करके देश के लगभग 24 लाख छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों को ना केवल सार्वजनिक किया जाए, बल्कि उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर राम गोपाल भुवानिया, रवि रंजन, अशोक लाल, नवदीप नीरज, लक्ष्मण तिवारी, राजेश्वर सिंह यादव, अक्षयवर प्रसाद, योगेंद्र सिंह योगी, जावेद राजा, महेंद्र दुबे, सोनू, हरेंद्र शाही, संजय जयसवाल, दिलीप मिश्रा, गुड्डू खान, आसिफ, राहुल राज, आशीष सिन्हा, दिनेश यादव, दिलीप मिश्रा, इम्तियाज अली, मृत्युंजय सिंह, राहुल राज, सेफुददीन अंसारी, कार्तिक घोष, डेविड सिंह, जयप्रकाश चौहान, मो. प्रिंस, पवन यादव, विशाल रावत, पिंटू तुरी, गेरूल हसन, प्रीतम रवानी, राजीव पांडेय, अनिल राय, मालूम खान, रुद्र प्रताप सिंह, छोटू सिंह, विजय राम, सुरेश सिंह और सैयद अहमद उपस्थित थे।


## अंगारपथरा वर्कशॉप से लूटी गयी लाखों की संपत्ति के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के अंगारपथरा वर्कशॉप में विगत दिनों हुई लाखों रुपये के सामानों की लूट के मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान कासिम अंसारी और अमजद अंसारी के रूप में हुई है। दोनों जोगता थाना क्षेत्र के योगिया पट्टी के रहने वाले हैं। उनके पास से लूटी गई लाखों की सामग्री भी बरामद कर ली गयी है। पकड़े गए चोरों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसकी जानकारी बाघमारी एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज ने दी। वे रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 19 जून की रात आंगारपथरा ओपी क्षेत्र में संचालित बीसीसीएल एरिया चार के अंगारपथरा वर्कशॉप में चोरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। हथियारबंद अपराधियों ने वर्कशॉप में घुसकर कोल कर्मियों के साथ मारपीट कर बंधक बना लिया था और लाखों का सामान लूट कर फरार हो गए थे। शिकायत मिलने के बाद अंगार पथरा ओपी प्रभारी विशाल दास बिधाता ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दिया था। कांड के उद्भेदन के लिए बाघमारा एसडीपीयो द्वारा एक विशेष टीम गठित की गयी और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जोगता थाना क्षेत्र में छापामारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूट का सामान भी बरामद कर लिया गया। लूट की घटना में कासिम और अमजद के साथ अन्य पांच से छह लोग भी शामिल थे, जिनकी तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से लूट की घटना में शामिल अन्य अपराधियों की भी शिनाख्त की जा चुकी है। जल्द ही सभी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। वहीं गिरफ्तार कासिम और अमजद की निशानदेही पर लूटी गई 12 बैटरी, डाइनमो, रेडिवाटर और अन्य सामान बरामद किया गया है।

### निरसा के ज्ञान-विज्ञान भवन ब्रह्मकुमारी में डिवाइन समर कैंप का हुआ आयोजन



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** ज्ञान-विज्ञान भवन ब्रह्मकुमारी परिसर में रविवार को डिवाइन समर कैंप आयोजित हुआ। जिसमें 35 बच्चों ने भाग लिया। बीके अनन्या बहन ने सभी खासकर बच्चों को मोबाइल फोन का व्यवहार कम से कम करने को कहा। साथ ही कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे। मौके पर बीके रिया बहन, बीके विद्या बहन, बीके प्रेम भाई, बीके ज्योति बहन, जया बहन, इंद्रजीत भाई आदि थे।

## गिरिडीह एसपी की अगुवाई में हुई क्राइम मीटिंग, अधिकारियों को किया गया सम्मानित

# स्कूलों से पास तंबाकू की बिक्री पर सख्ती से रोक लगायें : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



विभिन्न कार्यों के लिए सम्मानित होने वाले डीएसपी रैंक के अधिकारी व अन्य।

**गिरिडीह।** पुलिस लाइन में रविवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग की गई। जिसमें कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान डीएसपी स्तर के साथ कई और अधिकारियों को डीआइजी से मिले प्रशस्ति पत्र देकर एसपी ने सम्मानित किया। डीएसपी अंकिता राय, एसडीपीओ बिनोद रवानी, एसडीपीओ धनंजय राम, सुमित प्रसाद, डीएसपी कोसर अली और नीरज सिंह, मेजर राकेश रंजन सहित कई पुलिस अधिकारी सम्मानित हुए। साथ ही शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने से लेकर अर्धसैनिक बलों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में खास भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों को भी एसपी ने सम्मानित किया। जबकि साइबर डीएसपी आबिद खान को साइबर अपराध को लेकर सक्रियता बनाने को लेकर सम्मानित किया गया। बैठक में एसपी ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को हर बैठक में खास टास्क दिए जाते है। इस बार भी नए टास्क दिए गए है। जिसमें जिले के सांप्रदायिक मामलों से जुड़े लंबित मामले की स्पीडी ट्रायल और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाना है। कहा कि दहेज हत्या और घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों के साथ डकैती और लूट की घटना से जुड़े मामलों का तेजी से निष्पादन करें। इस दौरान जिले के पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी स्कूल से 100 मीटर की दूरी पर पान गुमटी में तांबकू की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाया जाना चाहिए।

### पूर्व प्रधानाध्यापक के निधन पर शोकसभा आयोजित



**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ऊपरघाट स्थित गोनियाटो में ग्रामीणों की ओर से शिक्षक कामदेव पांडेय के निधन पर रविवार को शोक सभा आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता गणेश प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान दिवंगत कामदेव पांडेय की तस्वीर पर लालजी महतो, समाजसेवी तिलक ठाकुर सहित अन्य ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बतातें चलें कि शिक्षक कामदेव पांडेय का निधन 14 जून को हुआ था। उन्होंने मवि गोनियाटो में 40 वर्षों तक सेवा दी थी। माकपा के बोकारो जिला सचिव कॉ गणेश प्रसाद महतो ने कहा कि गोनीयाटो गावं में आज जो भी शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि मिली है वह कामदेव पांडेय की देन है। उनकी मेहनत के चलते कई इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, प्रोफेसर या प्रशासनिक स्तर में युवकों ने उपलब्धि हासिल की है। मौके पर गोनियाटो के पूर्व मुखिया गणेश सोरेन, देवनारायण नायक, गोबिंद ठाकुर, दीप नारायण महतो, शिक्षक राजा राम महतो, जीवधन महतो सरिता देवी, पोखन महतो, सेवा राम महतो, रूप लाल नायक, कमलू नायक, यशोदा देवी, लालमुनी देवी आदि मौजूद थीं।

# मुख्यमंत्री ने मां तारिणी पीठ के लिए 50 करोड़ के पैकेज की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को क्योंझर का दौरा किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद वह पहली बार अपने गांव पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे के पहले दिन वह घाटगांव गये और मां तारिणी को दर्शन किये। घाटगांव हेलीपैड पर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी एक विशाल शोभायात्रा के साथ गये और मा तारिणी की पूजा-अर्चना की।

मां के दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर के उन्नति और सौंदर्यीकरण के लिए 50 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब मंदिर के सौंदर्यीकरण में 50 करोड़ रुपये और निवेश किये जायेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि हम केंद्र सरकार से तारिणी पीठ को राष्ट्रीय दर्जा देने का अनुरोध करेंगे।



# ओड़िशा के 24 जिलों में मानसून ने दस्तक दी, 26 से भारी बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर। ओडिशा के 24 जिलों में मानसून ने दस्तक दे दी है। दक्षिण-पश्चिम मानसूनी वायु यहां पहुंच गयी है। इसके प्रभाव से इन जिलों में वर्षा हो रही है। अन्य 6 जिलों में मानसून अभी भी नहीं पहुंचा है। भुवनेश्वर क्षेत्रीय मौसम विभाग केंद्र की तरफ से यह जानकारी दी गयी है। 26 तारीख को एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक गरज और बिजली की चेतावनी जारी की गयी है। सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, मयूरभंज, क्योंझर और बालेश्वर जिलों के कुछ इलाकों में मानसून नहीं पहुंचा है। मौसम अब आगे बढ़ने के लिए अनुकूल है। अगले 3 से 4 दिनों में यह पूरे ओड़िशा को छू लेगा। बारिश के असर से गरमी में काफी कमी आयी है। उत्तरी तटीय ओड़िशा में अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा महांति ने कहा कि ओड़िशा के दक्षिणी तट पर तापमान 28 से 30 डिग्री के आसपास है। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि जून की शुरुआत से आज तक नुआपड़ा, नबरंगपुर, मालकानगिरी, कंधमाल, संबलपुर, ढेंकनाल, कटक और जगतसिंहपुर जिलों में सामान्य बारिश हुई है, जबकि बाकी 22 जिलों में मध्यम बारिश हुई है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रभाव से राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। शनिवार शाम 5.30 बजे तक फुलबानी में सबसे ज्यादा 51 मिमी, खुर्दा में 25 मिमी, नबरंगपुर में 28 मिमी और हीराकूद में 12.2 मिमी बारिश दर्ज की गयी। पिछले 24 घंटों में बौध जिले के कंटामाल में सबसे अधिक 108 मिमी, कलाहांडी के थुआमुलरामपुर में 102 मिमी, महंगा और कंटापड़ा में 94 मिमी बारिश दर्ज की गयी।

इसी तरह बौध, कलाहांडी, कटक, जगतसिंहपुर, सुंदरगढ़, खुर्दा, नबरंगपुर, सुबर्नपुर और रायगढ़ा शहरों में भी भारी बारिश दर्ज की गयी। अगले 3 दिनों तक काल वैशाखी जनित बारिश और हवा चलेगी, जबकि कुछ इलाकों में गरज और बिजली गिर सकती है।

# भक्त 6 जुलाई तक नहीं कर पायेंगे भगवान जगन्नाथ के दर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्नान पूर्णिमा के दिन स्नान वेदी पर दिव्य स्नान करने के बाद भगवान बुखार से पीड़ित हो गये हैं। इसलिए अणवसर (बुखार घर) प्रभु का इलाज चल रहा है। यहां चतुर्धा विग्रह की गुप्त नीति चल रही है। ऐसे में अब जब तक भगवान बुखार से स्वस्थ नहीं हो जाते हैं, तब तक पुरी जगन्नाथ मंदिर में भक्तों को महाप्रभु का दर्शन नहीं मिलेगा। अब 7 जुलाई को ही महाप्रभु का भक्त नेत्रोत्सव एवं नवयौवन दर्शन कर पायेंगे। इस दौरान चतुर्धा विग्रह की जगह पट्टीदीअ (पार्श्व देवी देवता) पूजा की जायेगी।

**इनकी पूजा :** भगवान जगन्नाथ के स्थान पर नारायण, बलभद्र जी के स्थान पर अनंत वासुदेव और देवी सुभद्रा के स्थान पर भुवनेश्वरी देवी की पट्टीदीअ के रूप में पूजा की जायेगी। इसके लिए देर रात पट्टी दिअ एवं अन्य देवी देवता दोलगोविंद, मदनमोहन, लक्ष्मी, सरस्वती, राम, कृष्ण और नृसिंह के पट्टीदीअ को श्रीमंदिर में बिजे किया गया है। उधर, देर रात को बाहुड़ा पहंडी की समाप्ति के बाद श्रीजिउ को सोना चिता, एवं राहूलेखा मइलम नीति संपन्न की गयी।



**भक्तों की उमड़ी भीड़ :** वहीं दूसरी तरफ महाप्रभु के अणवसर गृह में जाने से ब्रह्मगिरी के अलारनाथ पीठ में रविवार को भक्तों की भीड़ देखने को मिली है। भोर के समय भगवान अलारनाथ का द्वार खुलने, मंगल आरती एवं तड़पलागी नीति के बाद सुबह 6 बजे से भक्त यहां दर्शन कर रहे हैं। सुबह के समय भगवान अलारनाथ का दर्शन करने के लिए यहां भारी भक्तों की भीड़ देखने को मिली। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथजी के अणवसर के समय श्री अलारनाथजी का दर्शन करने पर भगवान जगन्नाथ जी का श्रीमंदिर में दर्शन करने के समान पुण्य मिलता है। श्रीजगन्नाथ जी का श्रीमंदिर में दर्शन करने से जो फल मिलता है, अणवसर के समय श्री अलारनाथ का दर्शन करने से उसी फल की प्राप्ति होती है। श्रीमंदिर की ही तर्ज पर अलारनाथ मंदिर में भी भोग नीति संपन्न की जाती है।

# जिंदल नगर देवभूमि परिसर में संपन्न हुआ देवस्नान पूर्णिमा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** अंगुल जिंदल नगर देवभूमि में महाप्रभु श्रीजगन्नाथ का पवित्र देवस्नान पूर्णिमा नीतिकांति संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिंदल नगर में रहने वाले भक्तों के साथ आसपास के गांवों के हजारों भक्तों ने चतुर्धा मूर्तियों के महास्नान उत्सव में सामिल हुए। इस अवसर पर श्रीमंदिर के मुख्य सेवक और जिंदल स्टील एंड पावर के अधक्ष और हरियाणा के कुरूक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने अपनी धर्मपत्नी शालू जिंदल के साथ महाप्रभु श्रीजगन्नाथ, श्रीबलभद्र और देवी सुभद्रा को वैदिक नीतिकांति से देव स्नान किया गया। पुरी श्रीमंदिर की नीतिकांति के अनुसार देवभूमि में भी सुबह पांच बजे द्वार फिटा, मंगल आरती के बाद भक्तों ने चतुर्धा मूर्तियों को श्रीमंदिर से धाडी पहंडी कर स्नान मंडप को लिया गया। वहां मुख्य पूजक के निर्देशन में पंचोपचार पूजा नीतिकांती के साथ स्नान यात्रा किया गया।

समारोह में भाग लेते हुए नवीन जिंदल ने कहा कि मैं ओड़िशा के अंगुल संयंत्र परिसर में पवित्र देव स्नान पूर्णिमा समारोह में शामिल होकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। इस तरह के त्योहार भारत की महान ऐतिहासिक और परंपराओं को जीवित रखा हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि महाप्रभु श्रीजगन्नाथ हम सभी को स्वस्थ एवं प्रसन्न रखें।

## अरविंद केजरीवाल जमानत पर रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जमानत को लेकर रविवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये हैं। केजरीवाल के वकीलों ने इस पर सोमवार 24 जून को सुनवाई की मांग की है। दरअसल, 21 मार्च को दिल्ली हाइकोर्ट की वेकेशनल बेंच ने इडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाये जाने तक जमानत पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम 24-25 जून तक फैसला सुनायेंगे, तब तक जमानत पर रोक रहेगी। 20 जून को शाम 8 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी। जज न्याय बिंदु की बेंच ने कहा था कि इडी के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सीधे सबूत नहीं हैं। कोर्ट ने केजरीवाल को 1 लाख के बेल बॉन्ड पर जमानत दे दी थी।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# श्रीमंदिर में जल्द ही स्थायी प्रशासक की नियुक्ति की जायेगी : पृथ्वीराज हरिचंदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** श्रीमंदिर में स्थायी मुख्य प्रशासक को लेकर कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन का बड़ा बयान। श्रीमंदिर में जल्द ही स्थाई प्रशासक नियुक्त किया जायेगा। सरकार की ओर से इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। अगले तीन महीनों में सरकार के एजेंडे के पहले 100 दिनों में स्थायी प्रशासक की नियुक्ति मुख्य विषयों में से एक होगी।



कानून मंत्री ने कहा कि हालांकि श्रीमंदिर के प्रबंधन में कोई त्रुटि नहीं है, लेकिन स्थायी प्रशासक नियुक्त करने की जरूरत है। माननीय न्यायालय द्वारा श्रीमंदिर में स्थाई प्रशासक नियुक्त करने का भी निर्देश है। नीतिकांति से लेकर महाप्रभु श्रीजगन्नाथ मंदिर के दर्शन तक कई चीजों को विनियमित करने और इसे नियंत्रण में रखने के लिए जो भी योजनाएं बनायी गयी हैं, उनका अध्ययन करने के लिए एक व्यक्ति का जरूरत है। इसलिए सरकार ने श्रीमंदिर में स्थायी प्रशासक नियुक्त करने पर चर्चा शुरू कर दी है। नयी सरकार इस संबंध में जल्द ही स्पष्ट निर्णय लेगी।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने आइइडी ब्लास्ट से पुलिस ट्रक उड़ाया, 2 जवान शहीद

**सुकमा/बीजापुर (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर रविवार को नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सिलगेर और टेकलगुडम के बीच नक्सलियों ने सीआरपीएफ जवानों के ट्रक को आइइडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया। इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के दो जवान शहीद हो गये। जानकारी के अनुसार जगरगुंडा क्षेत्र स्थित सिलगेर कैंप से 201 कोबरा वाहिनी के जवानों का मूवमेंट आरओपी (रोड ओपनिंग ड्यूटी) के दौरान ट्रक और बाइक से टेकलगुडेम की ओर था। वहां रास्ते में नक्सलियों ने आइइडी प्लांट कर रखा था। बताया जा रहा है कि दिन के 3 बजे जैसे ही जवानों से भरा ट्रक वहां से निकला, आइइडी की चपेट में आ गया। ब्लास्ट में ट्रक के सह चालक शैलेंद्र और ड्राइवर विष्णु आर शहीद हो गये। जवानों ने दोनों के शव सुरक्षित निकाल लिये हैं। ब्लास्ट के चलते ट्रक का चालक जवान विष्णु आर और सह चालक जवान शैलेंद्र शहीद हो गये। बाकी जवान सुरक्षित बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये जवान राशन लेकर जवान कैंप जा रहे थे।

## ओड़िशा कांग्रेस अध्यक्ष पर काली स्याही फेंकना पड़ा महंगा

# 5 नेताओं को दिखाया बाहर का रास्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के पांच कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को पार्टी अध्यक्ष शरत पटनायक पर काली स्याही फेंकने के मामले में छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। उन्हें पीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक ने पार्टी अनुशासन तोड़ने के आरोप में निष्कासित कर दिया है। ओड़िशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) की अनुशासन समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह सलूजा ने यह जानकारी दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और ओड़िशा प्रभारी डॉ अजय कुमार को भी घटना की जानकारी दे दी गयी है।

### इन्हें किया गया है पार्टी से निष्कासित

निष्कासित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में प्रकाश मिश्रा (ओपीसीसी के महासचिव), श्रीयस्मिता पंडा (ओड़िशा प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव), संदीप राउतराय (एनएसयूआइ सचिव), अमरेश परिड़ा (युवा कांग्रेस, राज्य सचिव) और आर्यन सस्मल (एनएसयूआइ, राज्य सचिव) शामिल हैं।

बता दें कि शुक्रवार को कांग्रेस भवन में अपने चैंबर में बैठे पीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक पर स्याही फेंकी गयी थी। निष्कासित किए गए उपरोक्त कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने उन पर स्याही फेंकी थी। इससे पार्टी के अनुशासन को नुकसान पहुंचा और पार्टी की छवि खराब हुई। इसीलिए पीसीसी अध्यक्ष ने उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**